दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। गुरुवार 19 जून-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 180 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

फास्टैग को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का बड़ा एलान

3000 रुपए का वार्षिक पास लाएगी सरकार

15 अगस्त से होगा प्रभावी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने फास्टैग को लेकर बड़ा एलान किया है। उनके एलान से निजी वाहनों को खासतौर पर फायदा होगा। उन्होंने बुधवार को 3000 रुपये के वार्षिक फास्टैग आधारित पास का एलान किया। यह पास 15 अगस्त से प्रभावी होगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, 'हम 3,000 रुपये की कीमत वाला फास्टैग-आधारित वार्षिक पास पेश कर रहे हैं, जो 15 अगस्त 2025 से प्रभावी होगा। यह एक्टिव होने की तारीख से एक साल या 200 यात्राओं तक के लिए वैध रहेगा। सक्रिय होने की तारीख से एक साल या 200 यात्रा, में से जो भी पहले होगा, तब तक यह मान्य होगा। यह पास विशेष रूप से गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए डिजाइन किया गया है।'

नितिन गडकरी ने 'एक्स' पर लिखा, 'एक ऐतिहासिक पहल के तहत 15 अगस्त 2025 से 3,000 रुपए की कीमत वाला ऋ्रश्वरळ आधारित वार्षिक पास शुरू किया जा है। यह पास सक्रिय होने की तिथि से एक वर्ष तक या 200 यात्राओं तक, जो भी पहले हो, वैध रहेगा। यह पास केवल गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों (कार, जीप, वैन आदि) के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। यह देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध यात्रा को संभव बनाएगा।'

'एप और वेबसाइट पर अलग लिंक उपलब्ध कराया जाएगा' : उन्होंने आगे लिखा, 'वार्षिक पास को सक्रिय करने, नवीनीकरण के लिए जल्द ही राजमार्ग यात्रा एप र एक अलग लिंक उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल और सुगम होगी।'

सुलभ लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान को सहज बनाने की कवायद : उन्होंने लिखा, 'यह नीति 60 किलोमीटर की सीमा के भीतर स्थित टोल प्लाजा के बारे में लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को संबोधित करती है और एक ही सुलभ लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान को सहज बनाएगी।'

पार्षदों ने बैठक कर किया दावा, 80 मेम्बर ने दिए बढ़े हुए हाउस टैक्स के खिलाफ समर्थन पत्र

गाजियाबाद, करंट क्राइम : नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी वाला मामला शांत नहीं हो रहा है। कभी पार्षद हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में समर्थन पत्र देने का दावा कर रहे हैं। तो कभी नगर निगम के अधिकारी बता रहे हैं कि टैक्स की जिस प्रकार वृद्धि की गई है वह ठीक है, अगर 2001 वाला फामूर्ला लगता तो टैक्स और ज्यादा बढ़ जाता। इन सबके बीच बुधवार को नगर निगम के पार्षदों द्वारा दावा किया गया है कि हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध में नगर निगम के 80 से ज्यादा पार्षदों द्वारा सहमति पत्र दिए गए हैं। वहीं नगर निगम द्वारा बिना सहमति के बिना प्रस्ताव लाए हाउस टैक्स में दो से तीन गुना और चार गुना की वृद्धि किए जाने का विरोध पार्षदों ने फिर जताया है। गाजियाबाद नगर निगम के पार्षदों ने महापौर सुनीता दयाल से जल्द से जल्द बोर्ड बैठक बुलाने और इस पूरे मामले पर समाधान निकालने को लेकर आवाज बुलंद की।

महापौर सुनीता दयाल से जल्द बोर्ड बैठक बुलाने की उठी मांग

उधर नगर निगम के पार्षदों से मिली जानकारी के अनुसार वह चाहते हैं कि जल्द से जल्द बैठक बुलाई जाए और हाउस टैक्स के मुद्दे को लेकर जो गतिरोध चल रहा है, वह जनता हित में जल्द ही सुलझाया जाए।

बैठक में यह पार्षद आए प्रमुखता से नजर

करंट क्राइम : नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी को लेकर जहां उनके अधिकारी और कर्मचारी उसे सही ठहरने के हवाले दे रहे हैं। तो नगर निगम के 80 से ज्यादा पार्षद हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी के विरोध में पत्र जारी करने का दावा कर रहे हैं। बुधवार को भी एक बैठक हुई है। जिसमें महापौर से बोर्ड बैठक बुलाने के लिए कहा गया है। इस बैठक में मुख्य रूप से पार्षद अमित त्यागी, नीरज गोयल, हिमांशु शर्मा, मनोज गोयल, मनोज त्यागी, शीतल चौधरी, पूनम सिंह, ओम प्रकाश, संतोष सिंह, हिमांशु, पप्पू नागर और ओमवीर चौधरी सहित अन्य पार्षद मौजूद रहे। इन्होंने हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में अपना पत्र और इस मामले को जल्द से जल्द हल कराने की आवाज उठाई है।

कमिश्नरेट में कानून व्यवस्था तोड़ने वाले 10 आरोपियों पर हुई गुंडा एक्ट की कार्रवाई

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कानून व्यवस्था की स्थिति और अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सिटी जोन के अंतर्गत तीन थानाक्षेत्रों के 10 आरोपियों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। डीसीपी सिटी जोन आईपीएस अधिकारी धवल जायसवाल ने जानकारी दी है कि कानून व्यवस्था पर सवाल उठाने वाले और नियमों का उल्लंघन करने वाले 10 आरोपियों पर यह कार्रवाई की गई है। साथ ही इन्हें चेतावनी दी गई है कि दोबारा से किसी मामले में संलिप्त पाए जाने पर इन पर अन्य गंभीर एक्शन लिया जाएगा।

सिटी जोन में इन पर लिया गया है एक्शन

करंट क्राइम : विजय नगर थानाक्षेत्र के हासिम त्यागी, मासूम अली, अब्दुल कलाम उर्फ रियाज, अहमद उर्फ रियाजुद्दीन के साथ ही नंदग्राम थानाक्षेत्र के अमन, रोहित विकास, आशीष चौहान और मुकेश कुमार के साथ ही कवि नगर थानाक्षेत्र के अनिकेत गौड पर गुंडा एक्ट लगाया गया है। साथ ही उनके अन्य रिकार्ड खंगाले जा रहे हैं।

रील की नहीं ले पाएंगे ट्रेनिंग वाले पुलिसकर्मी फील

20 जून से शुरू होगी पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग और विधिवत क्लास

जल्द क्लास में सिखाई जाएगी सोशल मीडिया पॉलिसी

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष पुलिसकर्मी ट्रेनिंग के लिए आए हैं। करीब एक साल तक इन सभी की कमिश्नरेट में अलग-अलग स्तर की ट्रेनिंग होगी। कमिश्नरेट के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार 20 जून से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस कर्मियों की विधिवत क्लास और पढ़ाई शुरू होनी है। जिसमें उनको दैनिक आचरण से लेकर अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाएगा। तो वहीं सोशल मीडिया पॉलिसी के बारे में भी अवगत कराया जाएगा।

सभी को जल्द एलॉट होगा पीएनओ नंबर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जो भी पुलिसकर्मी गाजियाबाद में ट्रेनिंग के लिए आए हैं, उनको एक पर्सनल नंबर या नॉमिनल रोल नंबर प्रदान किया जाएगा। यह प्रत्येक पुलिस कर्मी की आवंटित एक विशिष्ट पहचान संख्या होगी। जो उसकी सेवा पुस्तिका और वेतन पर्ची में दर्ज होगी। इस नंबर से उस कर्मचारियों के बारे में संपूर्ण जानकारी जैसे उसका नाम, पद, भर्ती वर्ष, मूल निवासी सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां जानने के काम आएगा। यहां आने वाले सभी पुलिसकर्मियों के जल्द ही बैंक खाता भी खोले जाएंगे ताकि उनको सैलरी अकाउंट में दी जा सके। साथ ही पीएनओ नंबर भी एलॉट होगा।

साथ ही जो पुलिसकर्मी ट्रेनिंग में आने से पहले सोशल मीडिया पर अपनी रील और आजादी वाला फील ले रहे थे इसके बारे में भी इनको बताया जाएगा। वैसे भी इन दिनों पुलिसकर्मियों से लेकर नई उम्र के लोगों में सोशल मीडिया पर रील का क्रेज अधिक हो गया है। इसलिए रील के क्रेज के चक्कर में कई बार पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारी वाली नौकरी पर गलतियां एवं अनुशासनहीनता कर जाते हैं। इसी को रोकने के मकसद के लिए इन पुलिस कर्मियों को सोशल मीडिया पर महत्वपूर्ण क्लासेस दी जाएगी। बताया जा रहा है की ट्रेनिंग के दौरान इनको 9 चरण में कक्षाएं लेनी होगी, जो उनकी आगे की सेवाओं के लिए बेहद जरुरी बनेगी।

ड्यूटी के दौरान करनी होगी सोशल मीडिया से तौबा

करंट क्राइम : सोशल मीडिया नीति के तहत पुलिसकर्मियों को सरकारी कार्य के दौरान सोशल मीडिया का निजी उपयोग करने से मना किया जाएगा। इसके अलावा, ड्यूटी के दौरान वर्दी में कार्यालय या कार्यस्थल पर वीडियो/रील्स बनाना या किसी भी प्रकार का लाइव टेलीकास्ट करना प्रतिबंधित रहेगा। वहीं ड्यूटी के बाद भी वर्दी में किसी ऐसी वीडियो या रील्स को सोशल मीडिया पर अपलोड करना, जो पुलिस की छवि को नुकसान पहुँचाती हो, उसमें भी रोक रहेगी।

इन चीजों की भी नहीं मिलेगी अनुमति

करंट क्राइम : ट्रेनिंग पर आए पुलिस कर्मियों की सोशल मीडिया पॉलिसी के तहत थाने, पुलिस लाइन्स या ऑफिस के निरीक्षण, पुलिस अभ्यास/फायरिंग की लाइव स्ट्रीमिंग और किसी भी कार्रवाई से संबंधित वीडियो अपलोड करना प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त, कार्यस्थल पर किसी शिकायतकर्ता से बातचीत का लाइव टेलीकास्ट करना भी पूरी तरह से मना रहेगा। वहीं पुलिसकर्मियों को सरकारी या निजी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से मुनाफा कमाने के लिए सरकार से अनुमति प्राप्त करनी होगी।

आधुनिक रेडिएशन तकनीक से यशोदा में अब होगा कैंसर का इलाज

यशोदा मेडिसिटी ने की ईथॉस विथ हाइपरसाइट विथ आइडेंटिफाई एसजीआरटी सिस्टम और एज सिस्टम विथ एग्जेकट्रैक डायनामिक की स्थापना

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भारत में कैंसर के हर साल 14 लाख से अधिक नए मामलों की पुष्टि होती है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के मुताबिक स्तन, मुख, फेफड़ों और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर सबसे आम हैं, जिनमें जीवनशैली से जुड़ी आदतें और बीमारी की पहचान देर से होना सबसे बड़ी वजहों में से एक हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वैश्विक स्तर पर हर छह में से एक मौत कैंसर की वजह से होती है। मीडिया से बात करते हुए डॉ. गगन सैनी (वाइस चेयरमैन और हेड-रेडिएशन एंड ऑन्कोलॉजी) ने बताया कि कैंसर के इन तेजी से बढ़ते मामलों के बीच मरीजों की देखभाल बेहतर करने और जीवित रहने की दर बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक इलाज तकनीकों में निवेश की सख्त जरूरत है। इस दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए यशोदा मेडिसिटी ने कैंसर उपचार के क्षेत्र में दो अत्याधुनिक तकनीकों ईथॉस विथ हाइपरसाइट विथ आइडेंटिफाई एसजीआरटी सिस्टम और एज सिस्टम विथ एग्जेकट्रैक डायनामिक की स्थापना की है। इन नई तकनीकों के जुड़ने से राज्य में कैंसर उपचार का परिदृश्य और भी अधिक सशक्त और उन्नत हो गया है।

डॉ. गगन सैनी ने कहा, आज हमारे पास ऐसी तकनीक है, जिससे हम एक नाखून की मोटाई जितने छोटे ट्यूमर का भी बेहद सटीकता से इलाज कर सकते हैं, और इतना ही नहीं, शरीर में उसी स्तर की सूक्ष्म हरकतों को भी ट्रैक कर पाना इस तकनीक के माध्यम से अब संभव है।

कैंसर के इलाज को लेकर अस्पताल के दृष्टिकोण पर बात करते हुए डॉ. उपासना अरोड़ा (मैनेजिंग डायरेक्टर, यशोदा मेडिसिटी) ने कहा, कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में समय पर पहचान और इलाज पहले से कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। एज और ईथॉस थेरेपी सिस्टम की स्थापना हमारे उस संकल्प का हिस्सा है, जिसके तहत हम एक ही छत के नीचे कैंसर का विश्व स्तर का और समग्र इलाज देना चाहते हैं। एडवांस, एडैप्टिव और इमेज-गाइडेड रेडिएशन टेक्नोलॉजी को मिलाकर हम ज्यादा सटीक और मरीजों के अनुकूल इलाज उपलब्ध कराना चाहते हैं। वैरियन के साथ हमारी साझेदारी यह सुनिश्चित करती है कि भारत ही नहीं, पड़ोसी देशों के मरीजों को भी वही अत्याधुनिक तकनीक मिल सके, जो अब तक कुछ गिने-चुने केंद्रों तक ही सीमित थी।

घर के पास ही मरीजों को मिलेगा बेहतर इलाज

करंट क्राइम। कैंसर के खिलाफ इस नई उम्मीद का प्रतीक बनते हुए यशोदा इंस्टिट्यूट ऑफ कैंसर केयर ने इंदिरापुरम में अपनी सेवाएँ शुरू कर दी हैं। यह केंद्र सबसे उन्नत कैंसर इलाज सुविधाएँ तथा अत्याधुनिक और किफायती कैंसर देखभाल देने का वादा करता है, जिससे दिल्ली-एनसीआर सहित हजारों मरीजों को अब बेहतरीन इलाज घर के पास ही मिल सकेगा।

ईथॉस तकनीक क्या है?

करंट क्राइम। ईथॉस तकनीक कैंसर उपचार में एक बड़ी क्रांति लेकर आई है। यह एक एडैप्टिव रेडिएशन थेरेपी तकनीक है, जो आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) की सहायता से मरीज के शरीर या ट्यूमर में हर दिन होने वाले बदलावों के अनुसार इलाज को काफी अनुकूल बना देती है। इससे प्रत्येक थैरेपी सेशन और भी अधिक सटीक होता जाता है। यह तकनीक ट्यूमर की बनावट, आकार या स्थान में हुए छोटे से छोटे बदलाव को ध्यान में रखती है और सिर्फ बीमार हिस्से को ही रेडिएशन देती है, जिससे आस-पास के स्वस्थ ऊतकों पर कम असर होता है। यह एकदम व्यक्तिगत और वास्तविक समय में होने वाला इलाज है।

एज सिस्टम क्या है?

करंट क्राइम। एज सिस्टम कैंसर के इलाज के लिए बिना चीरे वाली रेडियोसर्जरी तकनीक है, जो बेहद सटीक तरीके से उच्च मात्रा में रेडिएशन देता है। इसमें हाई-स्पीड ट्रैकिंग और एसजीआरटी जैसी तकनीकों का इस्तेमाल होता है, जो मरीज की हरकत और सांसों को भी माइक्रो स्तर पर ट्रैक करती हैं। इससे ब्रेन, फेफड़े, लीवर और रीढ़ जैसे संवेदनशील अंगों के छोटे व जटिल ट्यूमर का इलाज भी आसानी से और सुरक्षित रूप से किया जा सकता है। रियल टाइम ट्यूमर ट्रैकिंग और उन्नत इमेजिंग की मदद से यह तकनीक शरीर में होने वाले साइड इफेक्ट्स को कम करती है और इलाज की अवधि भी घटा देती है, जिससे मरीज इलाज के दौरान भी अपने जीवन की गुणवत्ता बनाए रख पाते हैं।

तकनीक से मरीजों का जीवन लंबा और बेहतर बनेगा

करंट क्राइम। नवीनतम रेडिएशन थेरेपी तकनीकों के जुड़ाव से कैंसर का इलाज पहले से कहीं अधिक उन्नत और प्रभावी बनता जा रहा है। इमेज गाइडेड रेडिएशन थेरेपी (आईजीआरटी), एडैप्टिव रेडिएशन थेरेपी (एआरटी) और सरफेस गाइडेड रेडिएशन थेरेपी (एसजीआरटी) जैसी आधुनिक तकनीकों की मदद से अब डॉक्टर मरीजों को और अधिक सटीक इलाज दे सकते हैं। जैसे-जैसे भारत का हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हो रहा है, इन तकनीकों में निवेश कैंसर से लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे न सिर्फ इलाज के नतीजे बेहतर होंगे, बल्कि मरीजों का जीवन भी लंबा और बेहतर बन सकेगा।

बिहार के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा

चुनाव से पहले पीएम बिहार को देंगे करोड़ों का तोहफा, 20 जून को हो सकती सिवान में रैली

पटना। चुनाव से पहले बिहार को मिल रही है करोड़ों की सौगात। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिवान को तोहफा देने वाले हैं। पीएम मोदी 20 जून को बिहार के सिवान जिले के जसौली गांव में एक विशाल जनसभा को संबोधित करने वाले हैं। यह तीन महीने में प्रधानमंत्री का तीसरा बिहार दौरा होगा, जिससे स्पष्ट है कि आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर बीजेपी और एनडीए ने अपनी रणनीति को जमीन पर उतारना शुरू कर दिया है।

तीन महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा बिहार दौरा

जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी 7000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करने वाले हैं। इसके साथ ही सिवान, सारण और गोपालगंज के कुल 24 विधानसभा क्षेत्रों में ठऊअ की पकड़ को मजबूत करने की दिशा में यह दौरा अहम माना जा रहा है।

शहाबुद्दीन के गढ़ में एंट्री

सिवान, जिसे कभी बाहुबली नेता मोहम्मद शहाबुद्दीन का गढ़ माना जाता था, अब एनडीए के लिए चुनौती और अवसर दोनों है। मुस्लिम और यादव मतदाताओं की बहुलता वाला यह क्षेत्र परंपरागत रूप से महागठबंधन का मजबूत गढ़ रहा है। 2020 विधानसभा चुनावों में सिवान की आठ में से छह सीटों पर महागठबंधन ने कब्जा किया था। हालांकि, पीएम मोदी के इस दौरे से बीजेपी को उम्मीद है कि वह सवर्ण और अति पिछड़ा वर्ग के वोट बैंक को साधकर इन सीटों पर वापसी की राह बना सकती है।

बीजेपी नेताओं की माने तो ह्लसिवान में होने वाली जनसभा ऐतिहासिक होगी। हर कार्यकर्ता इसके लिए जी-जान से लगा हुआ है।ह्व

तैयारियों में जुटी बिहार बीजेपी : प्रधानमंत्री की रैली को सफल बनाने के लिए बिहार बीजेपी ने सिवान को चुनावी रणक्षेत्र में बदल दिया है। पार्टी के नेता लगातार जिले में कैंपिंग कर रहे हैं। जसौली के मैदान में मंच, सुरक्षा और लॉजिस्टिक्स की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। प्रचार रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया गया है और 24 विधानसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

चिराग-नीतीश भी रहेंगे मौजूद : इस जनसभा को राजनीतिक रूप से और अधिक वजनदार बनाने के लिए एनडीए के तमाम प्रमुख चेहरे मौजूद यहां रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, चिराग पासवान, जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी मंच साझा करेंगे। इससे एकजुटता का संदेश देने और जातीय समीकरणों को संतुलित करने की कोशिश की जा रही है।

सारण प्रमंडल में एनडीए की नई सियासी पिच : सिवान, सारण और गोपालगंज, ये तीनों जिले सारण प्रमंडल में आते हैं, जहां फिलहाल विधानसभा स्तर पर महागठबंधन का वर्चस्व है। लेकिन 2024 लोकसभा चुनाव में इन जिलों की चारों लोकसभा सीटें एनडीए के पास हैं। बीजेपी की कोशिश है कि प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता और योजनाओं के सहारे वह विधानसभा की सीटों पर भी बढ़त बनाए।

विधानसभा चुनावों की नींव : 20 जून को होने वाली यह जनसभा केवल एक राजनीतिक सभा नहीं, बल्कि आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए एनडीए की रणनीतिक नींव मानी जा रही है।

राजा रघुवंशी हत्याकांड: पुलिस ने बरामद किया दूसरा हथियार, क्राइम सीन रीक्रिएशन के दौरान खाई में मिला

इंदौर। इंदौर निवासी राजा रघुवंशी की मेघालय में हुई हत्या में इस्तेमाल किया गया दूसरा हथियार (दाव) बरामद कर लिया गया है। मंगलवार (17 जून) को क्राइम सीन रिकंस्ट्रक्शन के दौरान आरोपियों ने बताया था कि उसे खाई में फेंक दिया है। पुलिस के साथ एक रऊक्रऋ की सर्च टीम भी गई थी। आरोपियों की बताई गई लोकेशन पर मेटल डिटेक्टर से सर्च किया गया, जिसके बाद हथियार बरामद कर लिया गया।

राजा रघुवंशी की हत्या में दो हथियार इस्तेमाल किए गए थे। पहला हथियार 2 जून को ही बरामद हो गया था। इसके अलावा पुलिस की एक टीम इंदौर में मौजूद है। सोनम फरारी के दौरान जिस फ्लैट में रुकी थी, उस फ्लैट की तलाशी ली गई। वहां कुछ बरामद नहीं हुआ। अभी टीम वही रहेगी और सोनम और बाकी आरोपियों के परिवार से पूछताछ करेगी।

2 जून को मिली थी राजा रघुवंशी की लाश

क्राइम सीन का रिकंस्ट्रक्शन : राजा रघुवंशी हत्याकांड की जांच के सिलसिले में मंगलवार (17 जून) को शिलांग पुलिस की एसआईटी टीम ने हत्या की पूरी घटनाक्रम को समझने के लिए सीन ऑफ क्राइम का रिकंस्ट्रक्शन किया। पुलिस की टीम सोनम और तीनों मुख्य आरोपी विशाल, आनंद और आकाश को लेकर सुबह करीब 10:30 बजे सदर थाने से निकली और सवा 12 बजे मावलखियात गांव पहुंची, जहां से डबल डेकर ब्रिज का रास्ता शुरू होता है।

होमस्टे में ठहरे थे तीनों आरोपी : 22 मई को सोनम, राजा रघुवंशी और तीनों आरोपी इसी रास्ते से डबल डेकर ब्रिज गए थे। सोनम और राजा एक होमस्टे में रुके थे जबकि बाकी तीनों कुछ दूरी पर दूसरे होमस्टे में ठहरे थे। 23 मई को सभी ने चेकआउट किया और मावलखियात पार्किंग में पहुंचे। इसके बाद राजा की हत्या झरने के पास एक व्यू पॉइंट पर की गई। पुलिस ने पांच अलग-अलग जगहों पर रिकंस्ट्रक्शन किया। हर जगह आरोपियों से पूछा गया कि कौन कहां खड़ा था, स्कूटी कहां खड़ी की थी, हत्या की कोशिश पहले कहां की गई, और आखिर में हत्या को कैसे अंजाम दिया गया?

आरोपियों ने बताया कि दो बार पहले भी हत्या की कोशिश की गई थी लेकिन तब सफल नहीं हो पाए। तीसरी बार जब राजा व्यू पॉइंट के पास खड़ा था तभी सोनम के इशारे पर हत्या की गई। रिकंस्ट्रक्शन के दौरान पुलिस ने एक शख्स को ह्यराजाह्व का रोल प्ले कराया। पुलिस के मुताबिक विशाल ने पहला वार किया, जो सबसे तेज था।

मजनूं का टीला स्थित बाल सुधार गृह में लड़के की पीट-पीट कर हत्या

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के मजनू का टीला इलाके में स्थित एक बाल सुधार गृह से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां 17 वर्षीय किशोर करण की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। यह हिंसक वारदात उस समय हुई जब कुछ किशोर नहाने के दौरान आपस में उलझ गए। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद धीरे-धीरे जानलेवा झगड़े में बदल गया।

नहाने को लेकर शुरू हुआ था झगड़ा : प्रारंभिक जांच के अनुसार, बाल सुधार गृह के बाथरूम में दो किशोरों के बीच नहाने की बारी को लेकर बहस हो गई थी। उस समय 17 वर्षीय करण मौके पर मौजूद था। तीसरा किशोर जब विवाद सुलझाने के लिए बीच में आया, तो स्थिति और बिगड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वही तीसरा किशोर अचानक करण पर हमलावर हो गया और उसने बेरहमी से उसे पीटना शुरू कर दिया।

लात-घूंसे से की युवक की पिटाई घटना के दौरान आरोपी किशोर ने करण पर ताबड़तोड़ लात-घूंसे बरसाए। करण गंभीर रूप से घायल हो गया।

यह देख सुधार गृह के कर्मचारी तुरंत उसे हिंदू राव अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। करण की अचानक मौत से सुधार गृह में अफरातफरी मच गई।

'चाची की कचौड़ी' समेत 35 दुकानें हुई जमींदोज

वाराणसी के लंका इलाके में बुलडोजर एक्शन

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के लंका चौराहे पर जिला प्रशासन ने 35 दुकानों पर बुलडोजर चला दिया गया, लंका चौराहे पर जाम की बड़ी समस्या से निजात दिलाने के लिए यह फैसला लिया गया, लेकिन इस एक्शन से काशीवासियों में स्वाद और विकास को लेकर बहस छिड़ गई है। क्योंकि इस एक्शन से दो दुकानें भी जमींदोज हुई हैं, जो कि बनारसी स्वाद की बड़ी पहचान थीं। ये दो दुकानें हैं पहलवान की लस्सी और चाची की कचौड़ी की दुकान।

चाची की कचौड़ी और पहलवान लस्सी: काशी की विरासत

दरअसल, इस कार्रवाई की मांग काफी समय से की जा रही थी। जिला प्रशासन ने मुआवजा देने के बाद दुकानों पर बुलडोजर चलाया, लेकिन इनमें से अब लंका चौराहे पर पहलवान की लस्सी और चाची के कचौड़ी का स्वाद नहीं मिलेगा। इन दुकानों पर दूर-दराज से लोग स्वाद लेने आते थे, जिससे स्थानीय लोग इन्हें मिस कर रहे हैं। कुछ लोग नाराज भी हैं, लेकिन वे मानते हैं कि यह विकास जरूरी था क्योंकि यहां जाम बहुत लगता था। इस कार्रवाई से अब जाम नहीं लगेगा, जिससे बड़ी समस्या से निजात मिलेगी।

बीती रात मंगलवार को पीडब्ल्यूडी ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। यह चौराहा वह स्थान है जहां से ट्रामा सेंटर और काशी हिंदू विश्वविद्यालय, अस्सी घाट और बिहार का रास्ता जाता है। ऐसे में यह चौड़ीकरण एक बड़ी समस्या से निजात दिलाएगा। लेकिन काशीवासियों में एक कसक भी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि ह्यअब कहां मिली चाची के कचौड़ी अउर पहलवान क लस्सी।ह्व वहीं स्थानीय दुकानदारों ने जिला प्रशासन पर आरोप भी लगाए कि उन्हें पर्याप्त समय नहीं दिया गया और उनकी रोजी रोटी छीन ली गई। अब देखना यह है कि प्रशासन उन्हें क्या वैकल्पिक व्यवस्था देता है।

लंका चौराहे पर स्थित चाची की कचौड़ी और पहलवान की लस्सी की दुकानें न केवल स्थानीय लोगों, बल्कि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों और इलव के छात्रों के लिए भी खास थीं। चाची की कचौड़ी की दुकान, जो करीब 100 साल पुरानी थी, अपनी जलेबी और कचौड़ी के लिए मशहूर थी। इस दुकान को चाची की मृत्यु के बाद उनके परिवार ने उसी नाम से चलाया था। वहीं, पहलवान लस्सी की दुकान भी दशकों से लोगों की पसंद थी, जहां लस्सी का स्वाद लेने के लिए लंबी कतारें लगती थीं। ये दुकानें काशी की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा थीं, जहां नेताओं से लेकर अभिनेताओं और आम लोगों तक सभी ठहरकर स्वाद का आनंद लेते थे। कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी और सपा सांसद डिंपल यादव भी चाची की कचौड़ी की दीवानी थीं।

खराब मौसम और बारिश की वजह से कई फ्लाइट्स भोपाल एयरपोर्ट पर डायवर्ट की गईं

भोपाल। देश में मानसून की शुरूआत के साथ ही बारिश का असर हवाई उड़ानों पर भी देखने को मिल रहा है। खराब मौसम और बारिश के कारण मंगलवार को जोधपुर-दिल्ली फ्लाइट को भोपाल में डायवर्ट करना पड़ा। एयर इंडिया की इस फ्लाइट को दिल्ली में खराब मौसम के चलते भोपाल में उतारना पड़ा। मौसम साफ होने के बाद फ्लाइट भोपाल से दिल्ली के लिए रवाना हुई। इसी फ्लाइट में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी सवार थे। फ्लाइट डायवर्ट की सूचना मिलने पर यात्री घबरा गए, लेकिन क्रू मेंबर ने बताया कि मौसम खराब के कारण ऐसा किया गया है, जिससे यात्रियों ने राहत की सांस ली। मौसम साफ होने पर फ्लाइट रात आठ बजे दिल्ली पहुंची।

फ्लाइट को भोपाल के लिए डायवर्ट किया : जोधपुर से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट दोपहर 2:25 बजे रवाना हुई। रास्ते में दिल्ली से पहले खराब मौसम की सूचना मिलने पर फ्लाइट को जयपुर एयरपोर्ट पर उतारने का प्लान बनाया गया, लेकिन वहां भी मौसम अनुकूल नहीं था, इसलिए फ्लाइट को भोपाल के लिए डायवर्ट किया गया। फ्लाइट डायवर्ट की सूचना से यात्री घबरा गए थे।

मौसम खराब के कारण फ्लाइट डायवर्ट की गई : फ्लाइट डायवर्ट की सूचना मिलने पर यात्री घबरा गए। हाल ही में एयर इंडिया के विमान के साथ हुई दुर्घटना के बाद लोग चिंतित हो गए थे, लेकिन क्रू मेंबर ने बताया कि मौसम खराब के कारण फ्लाइट डायवर्ट की गई है। विमान को भोपाल में उतारा गया और मौसम साफ होने के बाद रात करीब आठ बजे फ्लाइट दिल्ली पहुंची। इसके बाद शेखावत दिल्ली मेट्रो से अपने निवास स्थान पर पहुंचे। दिल्ली में खराब मौसम के कारण अपराह्न तीन बजे से चार बजे के दौरान 12 फ्लाइट डायवर्ट की गईं।

आंध्र प्रदेश: सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता मुठभेड़ में तीन बड़े माओवादी ढेर

अल्लूरी। आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में बुधवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में सीपीआई (माओवादी) के तीन बड़े नेता मारे गए। आंध्र-ओडिशा सीमा पर स्थित देवीपटनम वन क्षेत्र में विशिष्ट माओवादी विरोधी बल ग्रेहाउंड्स के जवानों और माओवादियों के बीच गोलीबारी हुई।

जंगलों में तलाशी अभियान चला रहे ग्रेहाउंड्स के जवानों ने माओवादियों को देखा और उनसे आत्मसमर्पण करने को कहा। जब माओवादियों ने गोलीबारी शुरू की तो सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की और तीन माओवादियों को मार गिराया। मुठभेड़ रामपचोदवरम और मारेदुमिल्ली मंडलों के बीच जंगलों में कोंडामोडालु के पास हुई।

मारे गए माओवादियों की पहचान आंध्र ओडिशा बॉर्डर (एओबी) स्पेशल जोन कमेटी के सचिव गजरला रवि उर्फ उदय, स्पेशल जोन कमेटी सदस्य अरुणा और स्पेशल जोन कमेटी एसीएम अंजू के रूप में हुई। रवि सीपीआई (माओवादी) केंद्रीय समिति का सदस्य भी था। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से तीन एके-47 राइफलें बरामद की। अरुणा, केंद्रीय समिति के सदस्य रामचंद्र रेड्डी उर्फ चलापथी की पत्नी थी, जो इस वर्ष जनवरी में ओडिशा की सीमा के पास छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों द्वारा मार गिराए गए 14 माओवादियों में शामिल थे।

अरुणा अराकू विधायक किदारी सर्वेश्वर राव और पूर्व विधायक सिवेरी सोमा की हत्या में शामिल थी। माओवादियों ने 2018 में विशाखापत्तनम जिले में टीडीपी के दो नेताओं की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अरुणा विशाखापत्तनम जिले के पेंडुर्थी मंडल के करकावानीपालम की मूल निवासी थी और उसके सिर पर 25 लाख रुपये का इनाम था। उदय के सिर पर भी 25 लाख रुपये का इनाम था।

मारे गए माओवादियों के शवों को रामपचोड़ावरम क्षेत्रीय अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मुठभेड़ स्थल का दौरा किया। तीन माओवादी नेताओं की हत्या को एओबी क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठन के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

क्या आपको भी अक्सर 'कमर में दर्द' रहता है? आपकी दिनचर्या की गलत आदतें हो सकती हैं बड़ा कारण

कमर में दर्द होना एक आम समस्या है, जिससे लगभग सभी लोग कभी न कभी दो चार होते हैं। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, लेकिन एक बड़ा कारण हमारी दिनचर्या की कुछ गलत आदतें भी हो सकती हैं, जिसके बारे में आपको भी जानना चाहिए।

नई दिल्ली। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में कमर दर्द एक ऐसी चुनौती बन गया है जो लगभग हर उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर रही है। पहले इसे बुढ़ापे की निशानी माना जाता था, लेकिन अब युवा भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, लेकिन एक बड़ा कारण हमारी दिनचर्या की कुछ गलत आदतें भी हो सकती हैं।

अक्सर हम इन आदतों को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन ये धीरे-धीरे हमारी रीढ़ की हड्डी पर बुरा असर डालती हैं, जिससे असहनीय कमर दर्द शुरू हो जाता है।

अच्छी बात यह है कि अगर इन आदतों को समय रहते पहचान कर सुधारा जाए, तो इस आम लेकिन परेशान करने वाली समस्या से आसानी से बचा जा सकता है। आइए जानते हैं वो कौन-सी आदतें हैं जो कमर दर्द को बढ़ावा देती हैं और इनसे कैसे बचा जाए।

गलत बैठने की मुद्रा : लंबे समय तक गलत तरीके से बैठना, जैसे कुर्सी पर झुककर काम करना या सोफे पर गलत पोजिशन में बैठना, कमर दर्द का प्रमुख कारण है। ऑफिस में घंटों कंप्यूटर के सामने बैठने वाले लोग अक्सर रीढ़ की हड्डी पर दबाव डालते हैं, जिससे कमर में अकड़न और दर्द शुरू हो जाता है। इसे रोकने के लिए सीधे बैठें, पीठ को सहारा देने वाली कुर्सी का उपयोग करें, और हर 30-40 मिनट में थोड़ा टहलें।

शारीरिक गतिविधि की कमी : बैठे-बैठे काम करने की आदत या व्यायाम न करना मांसपेशियों को कमजोर करता है। कमर की मांसपेशियां जब कमजोर पड़ती हैं, तो वे रीढ़ को पर्याप्त सहारा नहीं दे पातीं, जिससे दर्द बढ़ता है। नियमित रूप से योग, स्ट्रेचिंग, या हल्का व्यायाम जैसे ताड़ासन और भुजंगासन कमर को मजबूत करते हैं।

गलत तरीके से वजन उठाना : भारी सामान को गलत तरीके से उठाना या झुककर भारी वस्तुएं ले जाना कमर दर्द का कारण बन सकता है। इससे रीढ़ की हड्डी पर दबाव पड़ता है और मांसपेशियों में खिंचाव आ सकता है। ऐसे में कोशिश करें कि कोई भी भारी सामान सावधानी से और किसी की मदद से उठाएं।

खुद पर शक छोड़िए, सफलता को अपनाइए आत्म-संदेह को अपने आत्म-विश्वास में बदलें

नई दिल्ली। क्या कभी-कभी आपको यह महसूस होता है कि जिस पुरस्कार या सम्मान से आपको नवाजा जा रहा है, आप उसके हकदार नहीं हैं? ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि आप आत्म-संदेह के शिकार होते हैं। यह एक ऐसी स्थिति है, जिसमें आप अपनी सफलता पर शक करने लगते हैं और सोचने लगते हैं कि आप उसके लायक हैं भी या नहीं।

इसे इंपोस्टर सिंड्रोम भी कहा जाता है। इसमें आप अपनी कामयाची और उपलब्धियों को अयोग्य मान बैठते हैं, जबकि ऐसा होता नहीं है। इससे निपटने के लिए आपको यह जानना होगा कि आत्म-संदेह की भावना को सकारात्मक नजरिये में कैसे बदला जाए। कुछ तरीके हैं, जिनकी मदद से आप ऐसा कर सकते हैं।

असफलता से डरें नहीं आलोचनाओं को स्वीकारें

चतुर बनने का दिखावा न करें : आपका लक्ष्य सबसे चतुर व्यक्ति बनना होना चाहिए, न कि ऐसा होने का दिखावा करना। आप अधिक से अधिक चीजों को सीखकर होशियार बन सकते हैं। इसके लिए सवाल पूछने से परहेज न करें, भले ही वे बेवकूफी भरे क्यों न लगें। इससे आपको आगे बढ़ने और अपने हौसले को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

दबाव में निखरना सीखें : समय-समय पर अपनी समीक्षा करते रहें। खुद से सवाल करें कि आप किसी चीज से क्यों डरते हैं? ऐसा कौन-सा डर है, जो आपको अपनी सफलता पर संशय करने पर मजबूर कर रहा है। एक बार जब आप पहचान कर लेंगे, तो इससे निपटना आसान हो जाएगा। इसके अलावा, ध्यान रखें कि कभी खुद को काम के दबाव में बिखरने न दें। बजाय इसके, ऐसे समय में भी अपना सौ फीसदी देने की कोशिश करें। इससे आपके भीतर आत्म-संदेह की भावना नहीं आएगी, क्योंकि आपको खुद पर यकीन रहेगा कि आपके उस काम में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है।

असफलता का खौफ हर किसी को डराता है, लेकिन आपको उससे डरना बंद करना होगा। कुछ नया सीखने का सबसे अच्छा जरिया असफलता ही है।

इसके अलावा, अवसरों को महज इसलिए न टालें, क्योंकि वे कठिन लगते हैं या आपको नाकामयाब होने का डर सताता है। हो सकता है डराने वाली चीज ही आपको आगे बढ़ने में सबसे ज्यादा मदद करे। किसी नकारात्मक प्रतिक्रिया से वचने के बजाय उसे स्वीकार करने की आदत डालें।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 19 जून-2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में लिखे पार्षदों ने लैटर

कहा, अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी गलत और यह है एक गंभीर मैटर

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का जिन्न बोतल से बाहर आ रहा है। टैक्स बढ़ाए जाने के विरोध का बिगुल सत्ताधारी दल के पार्षद खेमे से बजा है और अब धीरे-धीरे पार्षदों ने इस मुद्दे को लेकर मोचाबंदी कर दी है। हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में सबसे पहला मोर्चा भाजपा के पूर्व सीनियर पार्षदों ने खोला। सीनियर पार्षद रहे राजेंद्र त्यागी, अनिल स्वामी और हिमांशु मित्तल ने सबसे पहले मेयर को लेटर लिखा, फिर उन्होंने भाजपा के महानगर अध्यक्ष को लेटर लिखा और यहां तक कहा कि जनता माफ नहीं करेगी। इसके बाद इन पूर्व सीनियर पार्षदों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। इसके बाद पार्षदों ने निगम सभागार में बैठक की, रणनीति बनाई और फिर भाजपा के ये पार्षद सांसद अतुल गर्ग और विधायक संजीव शर्मा से मिले। ये पार्षद हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का विरोध कर रहे हैं और उनका कहना है कि टैक्स बढ़ोत्तरी के विषय पर निगम की विशेष बोर्ड बैठक बुलाई जाए। वो चाहते हैं कि इस बोर्ड बैठक में नगर निगम सदन के पदेन सदस्य सांसद और विधायक भी शामिल हों और अपना पक्ष रखें।

विरोध का ये मामला आगे बढ़ रहा है और अब पार्षदों ने लेटर लिखे। दैनिक करंट क्राइम के पास भी ये लेटर पहुंचे हैं। पार्षदों ने हाउस टैक्स के विरोध में अपनी बात कही है। पार्षदों ने लिखा है कि हाउस टैक्स में अप्रत्याशित और इतनी बढ़ोत्तरी एक गंभीर मेटर है। पार्षदों की लड़ाई अब आगे-आगे बढ़ रही है। पहले उन्होंने जुबानी विरोध किया फिर पार्षदों ने बैठक की और अब वो लेटर पर आ गए हैं। सूत्र बताते हैं कि लगभग 50 पार्षदों ने लेटर लिखे हैं। दैनिक करंट क्राइम के पास छह पार्षदों के वो लेटर पहुंचे हैं जिनमें उन्होंने टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर विरोध जताया है। टैक्स बढ़ाए जाने का विरोध करने वाले पार्षदों में पार्षद डॉ. अनिल तोमर, वार्ड-18 रजापुर की पार्षद शशि सिंह, वार्ड-28 राजीव कॉलोनी के पार्षद सुधीर कुमार, वार्ड-72 की पार्षद कुसुम गोयल और वार्ड-41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय हैं।


भूपेन्द्र उपाध्याय
निगम पार्षद
वार्ड-41, झंडापुर महाराजपुर, सर्वोदय-2 एन्क्लेव, सूरजपुर, गाजियाबाद नगर निगम, (वाइसवा जोन)

कार्यालय :
6883/31, मेन मार्केट, झण्डापुर, साहिबाबाद, गाजियाबाद
मो.: 8448891041

दिनांक-26.05.2025

शपथ पूर्वक बयान

मान्यवर दिनांक-07.03.2025 की गाजियाबाद नगर निगम द्वारा की गई मा0 निगम सदन की बैठक में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा प्रस्तावित संपत्ति करों की नई दरों के संबंध में कोई भी प्रस्ताव पास नहीं किया गया था! जबकि कार्यवृत्त में इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास दर्शाया गया है! जो बिल्कुल गलत है! गाजियाबाद नगर निगम द्वारा प्रस्तावित डी एम सर्किल रेट आधारित नई सम्पत्ति दरों के बढ़े हुये प्रस्ताव को दिनांक 09.10.2024 की मा0 सदन की बैठक में पहले ही निरस्त किया जा चुका है! और जिनके कार्यवृत्त की पुष्टि मा0 सदन की बैठक में दिनांक-07.03.2025 को प्रस्ताव संख्या -112 पर की गई है!

धन्यवाद!

भूपेन्द्र कुमार
पार्षद वार्ड नं0-41
नगर निगम गाजियाबाद

नई टैक्स की दरों को लेकर कोई भी प्रस्ताव पास नहीं हुआ था: भूपेंद्र उपाध्याय

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। झंडापुर महाराजपुर क्षेत्र के वार्ड संख्या 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय 26 मई को ही पत्र लिख चुके हैं और उन्होंने अब शपथपूर्वक बयान दिया है। भूपेंद्र उपाध्याय ने अपने शपथपूर्वक बयान में कहा है कि सात मार्च 2025 को गाजियाबाद नगर निगम द्वारा की गई निगम सदन की बैठक में नगर निगम द्वारा प्रस्तावित संपत्ति करों की नई दरों के संबंध में कोई भी प्रस्ताव पास नहीं किया गया था। जबकि कार्यवृत्त में इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास दशार्यो गया है, जो बिल्कुल गलत है। नगर निगम द्वारा प्रस्तावित डीएम सर्किल रेट आधारित नई संपत्ति दरों के बढ़े हुए प्रस्ताव को 9 अक्टूबर 2024 की सदन की बैठक में पहले ही निरस्त किया जा चुका है और जिनके कार्यवृत्त की पुष्टि सदन की बैठक में सात मार्च 2025 को प्रस्ताव संख्या 112 पर की गई है।

इस विषय पर कराई जाए पार्षदों से वोटिंग और बढ़ाई जाए छूट की तारीख: सुधीर कुमार

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड संख्या 28 के पार्षद सुधीर कुमार ने मेयर को पत्र लिखा और संपत्ति कर को लेकर बोर्ड बैठक बुलवाने की मांग की। पार्षद सुधीर कुमार ने कहा कि सात मार्च को गाजियाबाद नगर निगम द्वारा की गई सदन की बैठक में निगम द्वारा प्रस्तावित संपत्ति कर की नई दरों के संबंध में प्रस्ताव पास नहीं किया गया था। जबकि कार्यवृत्त में इस प्रस्ताव को सर्वसहमति से पास दशार्या गया है कि जोकि बिल्कुल गलत है। नगर निगम द्वारा प्रस्तावित डीएम सर्किल रेट आधारित संपत्तिर दर के बढ़े हुए प्रस्ताव को सदन के पदेन सदस्य कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, विधायक अजीतपाल त्यागी की उपस्थिति में 9 अक्टूबर 2024 को सदन की बैठक में पहले ही निरस्त किया जा चुका है। इसके कार्यवृत की पुष्टि सदन की बैठक में दिनांक 7 मार्च 2025 को प्रस्ताव संख्या 113 पर की गई है। उसके बाद भी हाउस टैक्स के बढ़े हुए बिल जारी किये जा रहे हैं। क्षेत्र की जनता द्वारा हर रोज हमसे यह सवाल पूछा जा रहा है कि किस आधार पर हाउस टैक्स बढ़ाया गया है। वास्तव में दो साल में दस प्रतिशत टैक्स की ही बढ़ोत्तरी होनी चाहिए तथा संपत्ति कर विषय पर उपस्थित प्रत्येक पार्षदों से वोटिंग कराई जाए। इसके साथ ही मिलने वाली 20 प्रतिशत छूट की अंतिम तारीख 30 सितंबर कर दी जाए। पार्षद सुधीर कुमार ने कहा है कि जल्द से जल्द हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी मुद्दे पर बोर्ड की बैठक बुलाई जाए और अंतिम निर्णय लिया जाना चाहिए। जिससे करदाताओं के बीच में भ्रम की स्थिति समाप्त हो सके।


भारतीय जनता पार्टी
सुधीर कुमार
(प्रत्याशी)
वार्ड - 28, नया विहार, गाजियाबाद
मो0 9424775561

प्रेषक .....
प्रेषित .....

सेवा में,
माननीय महापौर जी,
गाजियाबाद नगर निगम

विषय- आगामी कर विभाग की मेयर कोर्ट बैठक बुलवाने हेतु पत्र।

महोदय,
अत्यन्त अवगत कराते हुए कि दिनांक 7/03/2025 को गाजियाबाद नगर निगम सदन की गई मा0 निगम सदन की बैठक में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा प्रस्तावित संपत्ति कर की नई दरों के संबंध में प्रस्ताव पास नहीं किया गया था। जबकि कार्यवृत्त में इस प्रस्ताव को सर्वसहमति से पास दर्शाया गया है। जो बिल्कुल गलत है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा प्रस्तावित डीएम सर्किल रेट आधारित नई संपत्ति दरों के बढ़े हुए प्रस्ताव को 9 अक्टूबर 2024 की सदन की बैठक में पहले ही निरस्त किया जा चुका है। और जिनके कार्यवृत्त की पुष्टि सदन की बैठक में दिनांक 7/03/2025 को प्रस्ताव संख्या -113 पर की गई है। उसके बाद भी हाउस टैक्स के बढ़े हुए बिल जारी किये जा रहे हैं। क्षेत्र की जनता द्वारा हर रोज हमसे यह सवाल पूछा जा रहा है कि किस आधार पर हाउस टैक्स बढ़ाया गया है। वास्तव में दो साल में दस प्रतिशत टैक्स की ही बढ़ोत्तरी होनी चाहिए। जिससे करदाताओं के बीच में भ्रम की स्थिति समाप्त हो सके।

धन्यवाद।

जनता पूछ रही है हमसे सवाल, हम क्या दें जवाब: हिमांशु शर्मा

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड संख्या-75 लाजपतनगर के पार्षद हिमांशु शर्मा ने मेयर को लिखे पत्र में कहा है कि सात मार्च की बैठक में ये निगम द्वारा प्रस्तावित संपत्ति करों की नई दरों के संबंध में प्रस्ताव पास नहीं किया गया था। जबकि इसे सर्वसम्मति से पास दशार्या गया है ये बिल्कुल गलत है। उन्होंने कहा कि 9 अक्टूबर की बैठक में नई दरों का प्रस्ताव निरस्त हो चुका है। जिसकी पुष्टि सात मार्च की बैठक में प्रस्ताव संख्या-113 पर की गई है। पार्षद हिमांशु शर्मा ने पत्र में कहा है कि क्षेत्र की जनता हर रोज हमसे यह सवाल पूछ रही है कि किस आधार पर हाउस टैक्स बढ़ाया गया है। गाजियाबा के आरडब्ल्यूए और व्यापार मंडल हर रोज कहीं ना कहीं ज्ञापन दे रहे हैं, प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसके कारण नगर निगम और पार्टी की छवि खराब हो रही है। इस विषय में 29 जुलाई को हाईकोर्ट में दाखिल याचिका पर भी सुनवाई होनी है। ऐसे में छूट की तिथि सितंबर तक बढ़ाई जाए।

जब प्रस्ताव हो गया निरस्त फिर क्यों है भ्रम की स्थिति: शशि सिंह

शशि सिंह
Email: shashisingh@gmail.com

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड संख्या-18 रजापुर शास्त्रीनगर की पार्षद शशि सिंह ने मेयर को पत्र लिखा और अपने पत्र में उन्होंने उन्हीं बातों को दोहराया है जिन्हें अन्य पार्षद कह रहे हैं। पार्षद शशि सिंह ने कहा कि जो प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास दशार्या गया है, वह बिल्कुल गलत है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और विधायक अजीपाल त्यागी की उपस्थिति में 9 अक्टूबर को ही सदन की बैठक में प्रस्ताव निरस्त हुआ था। पार्षद शशि सिंह का कहना है कि किस आधार पर ये टैक्स बढ़ा है और जब प्रस्ताव निरस्त हो गया तो फिर भ्रम की स्थिति क्यों है। जनता पार्षदों से पूछ रही है। इस विषय पर निगम की बोर्ड बैठक बुलाई जाए।

हाउस टैक्स को लेकर जल्द से जल्द बुलाई जाए निगम की बोर्ड बैठक: कुसुम गोयल

भारतीय जनता पार्टी
कुसुम गोयल
वार्ड नं0-72 कौशाम्बी गाजियाबाद
पता : 2A-32, वैशाली, गाजियाबाद / Mob.:9810287506,9625021944
कार्यालय: 10-00A, मार्केट, सेक्टर-2 वैशाली, गाजियाबाद

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड संख्या-72 कौशांबी की पार्षद कुसुम गोयल ने मेयर को पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि सात मोर्च की निगम बैठक में प्रस्तावित संपत्ति करों की नई दरों के संबंध में प्रस्ताव पास नहीं किया गय था। 9 अक्टूबर 2024 को संपत्ति करों के बढ़े हुए प्रस्ताव को सदन की बैठक में पहले ही निरस्त किया जा चुका है। इसके बाद भी हाउस टैक्स के बढ़े हुए बिल जारी किये जा रहे हैं। क्षेत्र की जनता हर रोज हमसे सवाल पूछ रही है कि किस आधार पर हाउस टैक्स बढ़ाया गया है। पार्षद कुसुम गोयल ने कहा कि इन सबके कारण नगर निगम और पार्टी की छवि खराब हो रही है। पार्षद कुसुम गोयल ने मेयर को पत्र लिखकर ये मांग की है कि हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के मुद्दे पर जल्द ही नगर निगम की बोर्ड बैठक बुलाई जाए और भ्रम की ये स्थिति समाप्त की जाए।

कोई प्रस्ताव पास नहीं हुआ और बुलाई जाए बोर्ड बैठक: डॉ. अनिल तोमर

डा0 अनिल कुमार तोमर
पार्षद

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड संख्या- 98 इंदिरापुरम के निगम पार्षद डॉ. अनिल कुमार तोमर ने मेयर को लेटर लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने बढ़े हुए हाउस टैक्स का हवाला दिया है। तारीखों के साथ बताया है कि प्रस्ताव निरस्त हो चुका है और इस बात पर विरोध जताया है कि अभी भी बढ़ी हुई दरों पर बिल भेजे जा रहे हैं। इससे जनता में भ्रम की स्थिति है और क्षेत्र की जनता पार्षदों से सवाल कर रही है। हाईकोर्ट में पहले ही याचिका लंबित है और 29 जुलाई को हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है। पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने मेयर को पत्र लिखकर जल्द ही इस विषय पर बोर्ड बैठक बुलाने का अनुरोध किया है।

पुलिस कमिश्नरेट के तीन थानों पर जल्द होगी पोस्टिंग

किसको मिलेगा लिंक रोड, मधुबन बापूधाम और क्रॉसिंग रिपब्लिक का चार्ज

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बुधवार को आई 152 उपनिरीक्षकों की लिस्ट के बाद कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के सिटी जोन का थाना मधुबन बापूधाम खाली होगा है। तो वहीं ग्रामीण जोन के अंतर्गत आने वाले क्रॉसिंग रिपब्लिक और नदिया पार का लिंक रोड थाने पर नए चार्ज को तैनाती मिलेगी।

बताया जा रहा है कि जिन उप निरीक्षकों के तबादले हुए हैं। उन्हें अगले 10 दिन के भीतर अपने नए कार्यक्षेत्र में ज्वाइन करना होगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिन तीनों थानों से टू-स्टार रहे हैं, वहां थ्री-स्टार को भी पोस्टिंग मिल सकती है, ऐसी चर्चा सुनाई दे रही है।

तीन थानों के साथ चौकियों के भी बदलेंगे समीकरण

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में 152 उपनिरीक्षकों के तबादले के बाद तीनों जोन के एक-एक थाने में प्रभारी वाली वैकेंसी बनी है। तो जानकारी मिलेगी है कि कई चौकियों के भी समीकरण इस लिस्ट से बदलने वाले हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई थ्री-स्टार फिर अपने मौके के लिए चौका लगाने की फिराक में जुट गए हैं। तो सूचना यह है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन तीनों के साथ कई और थानों को लेकर भी सूचना और आदेश दिए जा सकते हैं।

पुराने लिंक आएंगे काम या नए फेस दिखेंगे इस बार

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते एक माह के दौरान कई थानों के प्रभारी बदले गए हैं। तो कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि उसमें पूर्व वाले कनेक्शन ही काम किया है। तो नदिया पार की जो दोनों पोस्टिंग हुई हैं उसमें पुराने लिंक ही काम आ रहे हैं। तो सिटी में भी पुराने लिंक पर काम किया गया था। अब देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लिस्ट वाले मामले में पुराने लिंक काम आएंगे या नए वाले चार्ज पाएंगे। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि इसी सप्ताह तीनों थानों के लिए नए फेस तय कर दिए जाएंगे।

पेट्रोल और गैस भंडारण केंद्रों पर अग्निशमन विभाग ने चलाई मॉक ड्रिल

आग से बचाव के इंतजाम की हुई जांच

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बुधवार को अग्निशमन विभाग द्वारा बड़ी मॉक ड्रिल की गई है। इसके तहत पेट्रोल कंपनी और गैस कंपनियों के बड़े भंडारण केंद्रों और उनके यूनिट सप्लाई सेंटरों पर फायर सेफ्टी और आग लगने के बाद बचाव एवं राहत कार्य किस प्रकार से किया जा सकता है, इसकी मॉक ड्रिल को किया गया है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया है कि बुधवार को जिला प्रशासन के अधिकारी, स्थानीय पुलिस विभाग के अधिकारी, अग्निशमन विभाग लोनी, साहिबाबाद और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की टीम ने कई ऐसे स्थानों पर आग लगने के बाद सुरक्षा एवं बचाव की तकनीकी जांच की है, जिसमें सुधार के निर्देश भी दिए गए हैं।

समय-समय पर की जाती है इन स्थानों की जांच

करंट क्राइम : मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने जानकारी दी है कि मॉक ड्रिल के दौरान भारत सरकार के

उपक्रम आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल, आईजीएल के अलग-अलग केंद्रों पर गैस रिसाव एवं आग लगने की स्थिति में किस प्रकार से मॉक ड्रिल और ऑपरेशन किया जाएगा। वहीं पुलिस कर्मियों और अग्निशमन अधिकारियों की इसकी ट्रेनिंग दी गई है। साथ ही जीरो कैजुअल्टी में किस तरीके से घायलों एवं आग में फंसे लोगों का रेस्कयू करना है यह भी बताया गया है। अधिकारियों का कहना है कि समय-समय पर ऐसे अति ज्वलनशील और संवेदनशील स्थानों पर इस तरीके की मॉक ड्रिल आयोजित की जाती हैं।

सपा विधायक आशु मलिक का लैटर है चर्चाओं में

15 मंदिरों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराने के लिए लिखा विधानसभा के सभापति को लैटर

आशु मलिक,
विधायक,
04-सहारनपुर।

मो0-9411244746
क्र-7 No. 458896
सदस्य-याचिका समिति,
कार्यमंत्रणा समिति।

माननीय सभापति,
याचिका समिति,
विधान सभा।

महोदय,
सादर अवगत कराना है कि मेरी विधान सभा सहारनपुर देहात के अंतर्गत निम्नलिखित पौराणिक तथा प्राचीन स्थलों का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण कराना जनहित में अत्यंत आवश्यक है:-
1. ग्राम कोटा वि0ख0 बलियाखेड़ी स्थित लगभग 300 वर्ष पुराना प्रचीन शिव मंदिर (माता शाकुम्भरी देवी मंदिर)
2. माँ ज्वाला जी मंदिर आसनवाली
3. शिव मन्दिर हरोड़ा
4. शिव मन्दिर खजूरी अकबरपुर
5. देवी मन्दिर पुवारका
6. शिव मन्दिर शकलापुरी
7. शिव मन्दिर दिनारपुर
8. रविदास मन्दिर पुण्डेन
9. शिव मन्दिर चुनेहटी शेख
10. प्राचीन शिव मन्दिर ग्राम भाऊपुर
11. शिव मन्दिर पीठ बाजार कैलाशपुर
12. शिव मन्दिर नजीबपुर
13. शिव मन्दिर वाजिदपुर पीकी
14. शिव महादेव मन्दिर तेलीपुरा
15. ग्राम छांवरेकी में गोगामेड़ी जाहरवीर पर लगने वाले पौराणिक मेले स्थान एवं मन्दिर जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण

इस सम्बन्ध में यह भी उल्लेखनीय है कि उक्त स्थलों के विकास हेतु कई बार क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी के साथ शासन तथा प्रशासन के अधिकारियों को अवगत कराया गया किन्तु स्थित ज्यों की त्यों है।
आपसे अनुरोध है कि उक्त स्थलों के विकास हेतु समुचित निर्देश प्रदान करने की कृपा करें।

दिनांक:-18.06.2025

(आशु मलिक)
विधायक,
04-सहारनपुर

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जिस समय राजनीति का माहौल ध्रुवीकरण और तुष्टिकरण के बीच झूल रहा है, उस समय समाजवादी पार्टी के सहारनपुर से विधायक आशु मलिक के एक पत्र ने राजनीति का एक बड़ा संदेश दिया है। आशु मलिक इससे पहले एमएलसी रहे हैं। दर्जाप्राप्त राज्यमंत्री रहे हैं और वो गाजियाबाद के मुरादनगर कस्बे से आते हैं। सबसे खास बात ये है कि आशु मलिक एक ऐसे जनप्रतिनिधि रहे हैं जिन्होंने हमेशा सेकुलर सोच के साथ काम किया है और उनका अपना एक अलग व्यवहार रहता है। आशु मलिक सहारनपुर से विधायक हैं और उन्होने विधानसभा की याचिका समिति के सभापति को जो पत्र लिखा वो पत्र इन दिनों राजनीति में चचाओं में है। आशु मलिक ने अपने पत्र में एक दो या तीन नहीं बल्कि 15 मंदिरों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराने की मांग की है। ये सभी 15 मंदिर उनकी विधानसभा क्षेत्र में आते हैं। उन्होंने सभापति को लिखे पत्र में ये कहा है कि मेरे विधानसभा सहारनपुर देहात में पौराणिक तथा प्राचीन स्थलों का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कराना जनहित तें अत्यंत आवश्यक है। आशु मलिक ने जिन मंदिरों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की बात की है उनमें ग्राम कोटा, बलिया खेड़ी में लगभग 300 वर्ष पुराने प्राचीण शिव मंदिर के लिये कहा है। इसके अलावा उन्होंने मां ज्वालाजी मंदिर आसन वाली, शिव मंदिर हरोड़ा, शिव मंदिर खजूरी अकबरपुर, देवी मंदिर पुवारका, शिव मंदिर शकलापुरी, शिव मंदिर दीनारपुर, रविदास मंदिर पुण्डेन, शिव मंदिर चुनहटी शेख, प्राचीन शिव मंदिर ग्राम भावपुर, शिव मंदिर, पीठ बाजार कैलाशपुर, शिव मंदिर नजीबपुर, शिव मंदिर वाजिदपुर पीकी, शिव महादेव मंदिर तेलीपुरा तथा ग्राम छावरेकी में गोगा मेडी जाहरवीर पर लगने वाले पौराणिक मेले के स्थान और वहां के मंदिर के जीर्णोद्धार तथा सौंदर्यीकरण के लिये पत्र लिखा है। सबसे खास बात ये है कि आशु मलिक ने अपने पत्र में लिखा कि ये सभी स्थलों के विकास के लिये कई बार क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी के साथ शासन तथा प्रशासन के अधिकारियों को अवगत कराया गया किंतु स्थिति ज्यों की त्यों है। विधायक आशु मलिक ने विधानसभा के सभापति से ये अनुरोध किया है कि वो इन मंदिरों के विकास हेतु निर्देश प्रधान करने की कृपा करें।

संपादकीय

युद्ध की आर्थिक लहर

भारत ईरान से सबसे अधिक मात्रा में कच्चा तेल और गैस आयात करता है। दुनिया के जिन देशों में तेल और गैस की आपूर्ति की जाती है, करीब 20 फीसदी आपूर्ति ईरान ही करता है। यदि कच्चे तेल की कीमत 1 डॉलर प्रति बैरल बढ़ती है, तो भारत का आयात बिल 14,000 करोड़ रुपए बढ़ जाता है। इजरायल-ईरान युद्ध भडकने से तेल की कीमतें करीब 7 फीसदी बढ़ चुकी हैं। निवेशक और तेल कंपनियां चिंतित हैं कि यह युद्ध कब तक चलेगा? समग्र तौर पर देखें, तो बीते कुछ सप्ताह के दौरान कच्चा तेल औसतन 10 डॉलर महंगा हुआ है। इसमें अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ नीति का भी योगदान है। अमरीका अपने व्यापारिक साझेदारों को भी नहीं छोड़ता। बहरहाल तेल महंगा होता जाता है, तो कमोबेश भारत की जीडीपी पर 1.5 फीसदी तक का प्रभाव पड़ सकता है। अभी जो मुद्रास्फीति नियंत्रण में लग रही है, वह भी निश्चित रूप से बढ़ेगी। रुपया और भी कमजोर होगा। योजनाओं के लिए चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। होर्मुज के बंद होने से अतिरिक्त वक्त के साथ-साथ खर्च भी बढ़ेगा, लिहाजा युद्ध किसी भी देश के लिए फायदेमंद स्थिति नहीं है। ईरान और ओमान के बीच एक संकरा-सा जलमार्ग है-होर्मुज जलडमरूमध्य। भारत करीब दो-तिहाई कच्चा तेल और करीब 50 फीसदी प्राकृतिक गैस इसी रास्ते से आयात करता है। भारत अपनी 80 फीसदी से अधिक ऊर्जा-जरूरतों के लिए आयात पर ही निर्भर है, लिहाजा यहां कोई भी व्यवधान तेल की कीमतों, शिपिंग लागत और बीमा बढे का कारण बनेगा। भारत का पश्चिमी देशों को करीब 30 फीसदी निर्यात इसी रास्ते से किया जाता है। भारत का ईरान के साथ कारोबार 14,246 करोड़ रुपए और इजरायल के साथ 27,608 करोड़ रुपए का है। 2024-25 में भारत ने ईरान को 1.24 अरब डॉलर का माल निर्यात किया था और 44.19 करोड़ रुपए का आयात किया। इजरायल को 2.15 अरब डॉलर का निर्यात और 1.61 अरब डॉलर का आयात किया। ईरान इस जलमार्ग को बंद करने की धमकी पहले भी दे चुका है और अब तो युद्ध के हालात हैं। होर्मुज से ही दुनिया के तेल-परिवहन का बड़ा हिस्सा गुजरता है। ईरान 33 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का उत्पादन करता है। एक फ्रेंच बैंक के मुताबिक, ईरान का तेल-निर्यात गिर कर 16 लाख बैरल प्रतिदिन हो गया है। उसकी उत्पादन क्षमता से बिल्कुल आधा उसका निर्यात हो गया है। यदि बाजार से यह सप्लाई भी हटा ली जाए अथवा युद्ध के कारण ऐसा करना पड़े, तो ओपेक अपने उत्पादन में कोई कटौती किए बिना ही 22 लाख बैरल रोजाना की क्षतिपूर्ति कर सकता है। मौजूदा हालात में विशेषज्ञों के आकलन हैं कि तेल की कीमतें 100 डॉलर से 120 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ सकती हैं। यह किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के खिलाफ एक मजबूत लहर की स्थिति होगी। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने अपनी हालिया रपटों में खुलासा किया है कि वैश्विक तेल की मांग घट सकती है, क्योंकि युद्ध के तनाव देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर नकारात्मक असर डालेंगे।

रोचक तथ्यों का करंट



- दुनिया में समुद्र में सबसे ज्यादा गहराई मरिआना ट्रेंच में है जो पेसिफिक समुद्र में है। इसकी गहराई 35,797 फीट है।
- धरती से किसी उल्कापिंड के टकराने का खतरा 9300 में से एक बार होता है।
- न्यूक्लीयर रिएक्टरों को ठंडा किया जाए तो सुक्ष्म जिव भी संघर्ष कर सकते है।
- पुरुष में 1000 स्पर्म एक सेकंड में बनते है।
- एक तूफान में 8000 मेगाटन बम के निर्माण जितनी उर्जा होती है।
- सूर्य द्वारा छोड़े गए 800 अरब से ज्यादा न्यूट्रॉन आपके शरीर में से गुजर गये होंगे जब तक आपने यह वाक्य पढ़ा होगा।
- सहारा रेगिस्तान दुनिया का सबसे बड़ा रेगिस्तान है जो 3500,000 २०. माइल्स में फैला है।
- कुत्ते के सूंघने की क्षमता इंसान से 1000 गुना ज्यादा होती है।
- विश्व की सबसे भारी धातु ऑस्मियम है। इसकी 2 फुट लंबी, चौड़ी व ऊँची सिल्ली का वजन एक हाथी के बराबर होता है।
- पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकलने के लिए राकेट को 7 माइल्स प्रति सेकंड से जाना पड़ता है।

राशिफल

मेष : नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। मेहनत का फल मिलेगा। मित्रों तथा संबंधियों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा।

वृष : नजदीकी वातावरण सुखद रहेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा।

मिथुन : यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता में वृद्धि होगी। भाग्य का साथ रहेगा।

कर्क : पुराना रोग परेशानी तथा बाधा का कारण बन सकता है। लापरवाही न करें। फालतू खर्च होगा। आर्थिक परेशानी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

सिंह : यात्रा लाभदायक रहेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है।

कन्या : नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यस्थल पर सुधार या परिवर्तन संभव है। लंबित कार्य पूर्ण होने के योग हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

तुला : राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। नौकरी में चैन रहेगा। सहकर्मी साथ देंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है।

वृश्चिक : चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि संभव है। स्वास्थ?य का पाया कमजोर रहेगा। काम में मन नहीं लगेगा। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

धनु : कानूनी बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नए काम मिल सकते हैं। नौकरी में अधीनस्थ कर्मचारी सहयोग करेंगे।

मकर : स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। कोई बड़ा सौदा बड़ा लाभ दे सकता है। प्रमाद न कर भरपूर प्रयास करें। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

कुंभ : पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। मित्रों तथा परिवार के सदस्यों के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। शोध इत्यादि कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

मीन : नौकरी में तनाव रहेगा। अपेक्षित कार्य समय पर पूरे नहीं हो पाएंगे। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। भावना में बहकर कोई निर्णय न लें।

2025-26 में 6.5% से ज्यादा रहेगी भारत की जीडीपी ग्रोथ- आईसीआरए का अनुमान

नई दिल्ली। आईसीआरए ने 2025-26 वित्त वर्ष में भारत के जीडीपी को लेकर अनुमान जताया है कि यह 6.5 फीसदी से अधिक रह सकती है। आईसीआरए को उम्मीद है कि कई सकारात्मक कारकों के चलते भारत की अर्थव्यवस्था अगले वित्त वर्ष में बेहतर प्रदर्शन कर सकती है। प्रमुख रेटिंग एजेंसी आईसीआरए ने अपने ताजा अनुमान में कहा है कि 2025-26 वित्त वर्ष में भारत की असली सकल घरेलू उत्पाद बढ़ोतरी 6.5 प्रतिशत से अधिक रह सकती है। वहीं, सकल मूल्य वर्धन (ग्रॉस वैल्यू एडेड) की बढ़ोतरी 6.3 प्रतिशत से ऊपर रहने की संभावना जताई गई है। आईसीआरए ने बताया कि ग्रामीण मांग मजबूत बनी रहेगी, जिसका कारण रबी की फसलों से होने वाली आमदनी और जलाशयों का सामान्य से अधिक जलस्तर है।

घरेलू आय बढ़ने की भी उम्मीद

आमदनी बढ़ाने वाले कारक

आईसीआरए के अनुसार, 2025-26 के बजट में इनकम टैक्स में राहत, ब्याज दरों में कटौती से कम ईएमआई, और खाद्य महंगाई में कमी से लोगों की घरेलू आय बढ़ने की उम्मीद है।

निर्यात और निवेश का हाल

इस दौरान माल निर्यात फिलहाल कमजोर रह सकते हैं। वहीं सेवा निर्यात की ग्रोथ माल निर्यात से बेहतर रहने की संभावना है। जबकि केंद्र सरकार का पूंजीगत खर्च 2025-26 में 10.1% बढ़ेगा, जिससे निवेश गतिविधियों को बल मिलेगा। हालांकि, निजी निवेश में थोड़ी तेजी आ सकती है, लेकिन निर्यात की धीमी गति और व्यापार नीति को लेकर अनिश्चितता बनी रह सकती है।

महंगाई और घाटे को लेकर अनुमान

आईसीआरए के अनुसार, खुदरा महंगाई 4.2 प्रतिशत से ऊपर रह सकती है। वहीं थोक महंगाई 2.7 प्रतिशत से अधिक रह सकती है। इस दौरान राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जबकि चालू खाता घाटा -1 फीसदी रह सकता है।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को दी बधाई

जेम पोर्टल से सरकारी खरीद पर जताई खुशी

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश में जेम पोर्टल से सरकारी खरीद किए जाने की पहल पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने खुशी जताई है। उन्होंने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर बधाई दी है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि जेम पोर्टल के जरिये सरकारी खरीद बढ़ाने में उत्तर प्रदेश का खासा योगदान रहा है। उन्होंने पिछले पांच साल में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पोर्टल के जरिये की गई खरीद का डाटा भी साझा किया। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पत्र में लिखा कि गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस एक राष्ट्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल है। इसके जरिये

केंद्र और राज्य सरकार के मंत्रालयों/विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त संस्थानों और स्थानीय निकायों द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की शुरू से अंत तक ऑनलाइन खरीद की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जेम ने 5.43 लाख करोड़ रुपये के 72 लाख से अधिक के क्रय आदेश पूरे किए हैं। शुरूआत से लेकर अब तक जेम के जरिये 2.9 करोड़ से अधिक क्रय आदेशों के माध्यम से 14 लाख करोड़ से अधिक की खरीद की जा चुकी है। जेम अब 11 हजार से अधिक उत्पाद और 330 से ज्यादा सेवा श्रेणियों के साथ एक उपलब्धि खरीद मंच के रूप में काम कर रहा है। इस वृद्धि में उत्तर प्रदेश सरकार का योगदान काफी अहम है। केंद्रीय मंत्री ने पत्र में लिखा कि पिछले पांच वित्तीय वर्षों में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से जेम के जरिये की गई खरीद राज्य के विश्वास का प्रमाण है।

सीईए बोले- वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत सकारात्मक राजकोषीय घाटा व सरकारी कर्ज घटना बड़े सुधार

नई दिल्ली। फरवरी, 2022 से शुरू हुआ रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में जारी हिंसक संघर्ष, इस्राइल और ईरान के चिंताजनक टकराव, ईंधन और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल की आशंकाओं के बीच एक साक्षात्कार में नागेश्वरन ने कहा, वर्ष 2022 से वैश्विक स्तर पर संघर्ष और व्यवधान लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अब ये ज्यादा तीव्र और अप्रत्याशित हो गए हैं, जिससे दुनिया भर में आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा से जुड़ी चिंता पैदा हुई है। हालात विकास के लिए और भी जटिल बन गए हैं। आज वैश्विक माहौल लगभग सभी देशों के लिए कठिन हो गया है। ऊपर की तरफ जाने की संभावनाओं से अधिक नीचे गिरने का वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने यह बड़ी चुनौतियां, लेकिन भारत सकारात्मक मुख्य आर्थिक सलाहकार (उएअ) वी. अनंता नागेश्वरन ने कहा, यह स्थिति केवल भारत की नहीं है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने यह चुनौती बड़ी होती जा रही है। हालांकि, इस कठिन परिदृश्य में भी भारत अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में है। देश की अर्थव्यवस्था एक सकारात्मक उदाहरण पेश करती है।

सेबी ने शेयर विश्लेषक संजीव भसीन और 11 अन्य पर लगाए प्रतिबंध, लौटाने होंगे 11.37 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। सेबी ने आईआईएफएल सिक्योरिटीज के पूर्व निदेशक संजीव भसीन और 11 अन्य लोगों को मंगलवार को प्रतिभूति बाजारों से प्रतिबंधित कर दिया। यह कार्रवाई टीवी चैनलों और सोशल मीडिया मंचों पर स्टॉक संबंधी सुझाव देने से जुड़े मामले में शेयरों की हेराफेरी में शामिल होने पर की गई है। 11.37 करोड़ की अवैध ढंग से अर्जित आय भी लौटाने का निर्देश दिया गया है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 149 पन्नों के आदेश में कहा, भसीन टीवी चैनलों पर नजर आने वाले मशहूर अतिथि विशेषज्ञ थे। सोशल मीडिया पर भी बड़ी संख्या में फॉलोअर

हैं। आईआईएफएल के साथ एक निदेशक या सलाहकार के रूप में भसीन ने मीडिया चैनलों, टेलीग्राम और आईआईएफएल मंचों के जरिये शेयरों के बारे में सिफारिशें कीं। सेबी की ओर से 13-14 जून, 2024 को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कई स्थानों पर तलाशी से वॉट्सएप चैट और ऑडियो रिकॉर्डिंग सहित महत्वपूर्ण सबूत मिले थे। इनसे पता चला कि मीडिया चैनलों पर आने से पहले भसीन ट्रेडिंग सदस्य आरआरबी मास्टर सिक्योरिटीज दिल्ली के डीलरों के जरिये जेमिनी पोर्टफोलियो, वीनस पोर्टफोलियो और एचबी स्टॉक होल्डिंग्स के ट्रेडिंग खातों में अपनी पोजिशन ले लेते थे, जो खरीद ऑर्डर होते थे। धान बुवाई 13 फीसदी बढ़कर 4.53 लाख हेक्टेयर, दलहन में भी उछाल धान बुवाई का रकबा इस खरीफ सत्र में 13 जून तक 13 फीसदी बढ़कर 4.53 लाख हेक्टेयर पहुंच गया है।

भाई ललित भसीन ने भी की धोखाधड़ी में मदद

जांच में पता चला कि संजीव भसीन के चचेरे भाई ललित भसीन ने उनकी मदद की और कई बार कथित धोखाधड़ी वाले सौदों को रखने में सहायता की। आरआरबी मास्टर सिक्योरिटीज लि. के प्रबंध निदेशक आशीष कपूर ने भी इसे सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा मुहैया कराया।

लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार सेंसेक्स 138 अंक टूटा, निफ्टी भी फिसला

नई दिल्ली। बुधवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 138.64 अंक गिरकर 81,444.66 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 41.35 अंक गिरकर 24,812.05 अंक पर आ गया।

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 138.64 अंक यानी 0.17 प्रतिशत गिरकर 81,444.66 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 41.35 अंक या 0.17 प्रतिशत गिरकर 24,812.05 अंक पर बंद हुआ।

चुटकुले

संता (वकील से)- मुझे अपनी पत्नी से तलाक चाहिए
वकील - क्यों?
संता- वो पिछले 5 महीने से मुझसे बात नहीं कर रही
वकील- एक बार फिर अच्छी तरह सोच लो ऐसी पत्नी बार-बार नहीं मिलती।

बाहर सब्जी वाला चिल्ला रहा था... 20 रुपये का फूलगोभी का जोड़ा
यह सुनकर सोनू उदास हो गया और मोनू से बोला- बताओ, फूलगोभी का भी जोड़ा है, बस हम ही अकेले हैं।

एक लड़का भागते हुए लड़की के पास आया और बोला- मैं तुमसे दोस्ती करना चाहता हूं...
लड़की- तो हमारी दुश्मनी कब थी भैया?
लड़का बेहोश।

19 06 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

आज के जन्मदिन

राहुल गांधी
राजनेता

डॉ. मंजू शिवाच
विधायक मोदीनगर

तनिष्क पंडित

अंशिका चौधरी

कविता त्यागी

हर्षित गोयल

राहुल गोयल

चेतन चौहान

यथार्थ शर्मा

रूपेश त्यागी

हितेश हिन्दू

प्रदीप यादव

रामकुमार शर्मा

उत्कर्ष कुमार

सचिन त्यागी

संजीव

प्रमोद बघेल

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

साल 2011 से इंग्लैंड के चार अलग दौरे पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरूआत 20 जून से होने जा रही है। इस दौरे से पहले टीम इंडिया पिछले 15 साल में चार बार इंग्लैंड की यात्रा कर चुकी है। हालांकि, इन चारों सीरीज में टीम इंडिया को कामयाबी नहीं मिली। इनमें से इंग्लैंड ने तीन सीरीज अपने नाम की, जबकि 2021-22 में खेली गई पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर रही। अब भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के ऊपर टीम इंडिया को जीत दिलाने की बड़ी जिम्मेदारी होगी। भारतीय टीम ने इंग्लैंड में पिछली टेस्ट सीरीज 2007 में राहुल द्रविड़ की कप्तानी में जीती थी। ऐसे में टीम इंडिया 18 साल के सूखे को खत्म करने की कोशिश करेगी। साल 2011 से भारत के चार अलग-अलग इंग्लैंड दौरे चार अलग-अलग भारतीय बल्लेबाजों ने सबसे ज्यादा बनाए। इतना ही नहीं चार अलग-अलग गेंदबाजों ने भी सबसे ज्यादा विकेट लिए।

भारत ने 2011 में महेंद्र सिंह की कप्तानी में इंग्लैंड का दौरा किया था। तब टीम में राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर और वीवीएस लक्ष्मण जैसे महान बल्लेबाज थे, जबकि गेंदबाजी का जिम्मा जहीर खान, ईशांत शर्मा और प्रवीण कुमार पर था। इंग्लैंड के पास एंड्रयू स्ट्रॉस, एलिस्टेयर कुक, जोनाथन ट्रॉट, केविन पीटरसन और इयान बेल जैसे बल्लेबाज थे। हालांकि, इस दौरे पर टीम इंडिया को चार मैचों की टेस्ट सीरीज में 4-0 से हराया था। इस सीरीज में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन द्रविड़ ने बनाए थे। उन्होंने चार मैचों की आठ पारियों में 76.83 की औसत से 461 रन बनाए थे। इंग्लैंड के लिए केविन पीटरसन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने चार मैचों की छह पारियों में 106.60 की औसत से 533 रन बनाए थे। वहीं, इस सीरीज में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट प्रवीण कुमार ने लिए थे। उन्होंने तीन मैचों में 15 विकेट झटके। वहीं, इंग्लैंड के लिए स्टुअर्ट ब्रॉड ने सबसे ज्यादा 25 विकेट लिए थे।

साल 2014 में भारत के इंग्लैंड दौरे पर भी महेंद्र सिंह धोनी ही कप्तान थे। हालांकि, तब टीम बदलाव के दौर से गुजर रही थी। सचिन, द्रविड़, लक्ष्मण रिटायर हो चुके थे। ऐसे में दारोमदार मुरली विजय, शिखर धवन, चेतेश्वर पुजारा, जहीर खान, अजिंक्य रहाणे और विराट कोहली जैसे युवाओं पर था। हालांकि, टीम इंडिया को पांच मैचों की सीरीज में 3-1 से शिकस्त झेलनी पड़ी। हालांकि, मुरली विजय टेस्ट ओपनर के तौर पर मजबूत दावेदार के तौर पर उभरे। उन्होंने भारत के लिए इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाए। विजय ने पांच मैचों की 10 पारियों में 40.20 की औसत से 402 रन बनाए। वहीं, धोनी 10 पारियों में 349 रन के साथ लिस्ट में दूसरे भारतीय रहे। इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा रन जो रूट ने बनाए। उन्होंने पांच मैचों की सात पारियों में 103.60 की औसत से 518 रन बनाए। वहीं, भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट भुवनेश्वर कुमार ने लिए। उन्होंने पांच मैचों में 19 विकेट चटकाए। इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा विकेट जेम्स एंडरसन ने लिए। उन्होंने 25 विकेट चटकाए।

भारत ने 2018 में नए कप्तान विराट कोहली के नेतृत्व में इंग्लैंड का दौरा किया था। कोहली के नेतृत्व में भारतीय टेस्ट टीम का प्रदर्शन तब शानदार रहा था। हालांकि, पांच मैचों की इस सीरीज में टीम इंडिया को 4-1 से हार झेलनी पड़ी थी। हालांकि, कोहली ने कई कप्तानी पारियां खेलीं। उन्होंने भारत के लिए पांच मैचों की 10 पारियों में सबसे ज्यादा 593 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 59.30 का रहा। इंग्लैंड के लिए जोस बटलर ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने पांच मैचों की नौ पारियों में 38.78 की औसत से 349 रन बनाए। वहीं, भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट ईशांत शर्मा ने लिए थे। उन्होंने पांच मैचों में 18 विकेट लिए। वहीं, इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा विकेट जेम्स एंडरसन ने लिए। उन्होंने 24 विकेट लिए।

भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम को अंतिम मैच में नीदरलैंड से मिली हार, यूरोप दौर का समापन किया

नई दिल्ली। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को अपने यूरोप दौरे के अंतिम मैच में मेजबान नीदरलैंड से 2-3 से शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। निर्धारित समय में कोई टीम गोल नहीं कर सकी थी। लगातार चार जीत (तीन बेल्जियम के खिलाफ और एक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ) के साथ मैच में उतरी भारतीय टीम ने तकनीकी रूप से मजबूत डच टीम के खिलाफ धैर्य और संयम का परिचय दिया, जो एक कड़े मुकाबले में बदल गया। दोनों टीमों ने चार क्वार्टर में कई गोल करने के अवसर बनाए, लेकिन दोनों छोर पर अनुशासित बचाव और प्रभावशाली गोलकीपिंग की बदौलत कोई भी पक्ष गतिरोध को नहीं तोड़ सका। मैच शूटआउट तक पहुंचा, जहां लालरिनपुई और प्रियंका यादव ने भारत के लिए अपने मौके बनाए। हालांकि, नीदरलैंड्स ने इमे डे लीउ, रूस अल्केमाडे और लोटे रस्ट के सफल हमलों से बढ़त हासिल कर ली। यूरोपीय दौरा दिसंबर में होने वाले महिला जूनियर विश्वकप की तैयारी का हिस्सा था।

योगराज सिंह ने बताया बुमराह के बार-बार चोटिल होने का कारण

कहा- 35-36 की उम्र से पहले ऐसा मत करें

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्टार युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने अपने एक और बयान से पूरी दुनिया को चौंका दिया है। उन्होंने भारत के दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बार-बार चोटिल होने का कारण बताया है और जो वजह उन्होंने बताई उसने नई बहस को जन्म दिया है। योगराज ने कहा कि बुमराह के चोटिल होने में जिम एक कारण हो सकता है। योगराज ने हाल ही में एक स्पोर्ट्स वेबसाइट को दिए इंटरव्यू में कहा कि क्रिकेटरों को अपनी फिटनेस बनाए रखने के लिए जिम जाने की जरूरत नहीं है बल्कि उन्हें खुद को लचीला बनाने पर जोर देना चाहिए। बुमराह का कार्यभार प्रबंधन पिछले साल चर्चा का एक प्रमुख विषय बन गया है। बीसीसीआई ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ सभी पांच टेस्ट मैच नहीं खेलेंगे। योगराज ने कहा कि क्रिकेटरों को बॉडी बिल्डिंग करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने अपने इस बयान को साबित करने के लिए हार्दिक पांड्या और मोहम्मद शमी का उदाहरण भी दिया।

'क्रिकेटरों का जिम जाना बंद करवाएं'

योगराज ने कहा, 'लेकिन आज युवा जिम ही जा रहे हैं। यही कारण है कि चोट ज्यादा लगती हैं। मैं कह सकता हूं कि लगभग 30-40 साल पहले चोट के मामले शून्य थे। क्योंकि क्रिकेट में आपको बेहद लचीले, जिमनास्ट जैसे शरीर की जरूरत होती है। अपने शरीर के वजन के मुताबिक व्यायाम करें जैसे पुल-अप, पुश-अप, सिट-अप और कोर, लेकिन भगवान के लिए कृपया क्रिकेटरों का जिम जाना बंद करवाएं।'

बुमराह के बार-बार चोटिल होने की वजह?

इंसाइड स्पोर्ट्स को दिए इंटरव्यू में योगराज ने कहा, 'बुमराह बार-बार चोटिल होते हैं। वह चार बार चोटिल हो चुके हैं। आपको पता है इसका कारण क्या है? जिम कारण है। अन्य क्रिकेटर भी हैं। मोहम्मद शमी...हार्दिक पांड्या। आपको बॉडी बिल्डिंग करने की जरूरत नहीं है। पुराने दिनों में वेस्टइंडीज के माइकल होल्डिंग जैसे गेंदबाज काफी लचीले थे। विव रिचर्ड्स 35 साल की उम्र तक जिम नहीं गए थे।'

क्रिकेटरों को कब जाना चाहिए जिम?

योगराज ने कहा कि क्रिकेटरों को तभी जिम जाना चाहिए जब वे 35-36 साल के हो जाएं और करियर की शुरूआत में अगर वे जिम मेहनत करते रहे तो उनकी मांसपेशियों में अकड़न आ सकती है। उन्होंने कहा, 'मैं हैरान हूं कि क्रिकेटर जिम जाते हैं। जिम तब के लिए होता है जब आप 35-36 साल के होते हैं। अन्यथा इससे आपकी मांसपेशियां कठोर हो सकती हैं। हर किसी को पता होना चाहिए कि वह क्या कर रहा है। आपको तब खुद को मजबूत बनाना होता है जब आप 36-37 साल की उम्र के हो जाते हैं और आपका शरीर कमजोर होता है। तब मैं समझ सकता हूं कि जिम काम करना सही होता है।'

फ्लेमिंग-लारा जैसे दिग्गजों की सूची में शामिल हुए मुशफिकुर रहीम, श्रीलंका में दूसरी बार बनाए 150 रन

ढाका। बांग्लादेश के स्टार बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने श्रीलंका के खिलाफ जारी गॉल टेस्ट में 150 से ज्यादा रनों की पारी खेलकर रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। वह श्रीलंका की धरती पर 150+ स्कोर बनाने वाले छठे विदेशी बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने स्टीफन फ्लेमिंग और ब्रायन लारा जैसे दिग्गजों की बराबरी कर ली।

बारिश के कारण खेल बाधित हो गया है। फिलहाल क्रीज पर मुशफिकुर रहीम 159 और लिट्टन दास 61 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। दोनों शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। बता दें कि, इस मैच में बांग्लादेश की शुरूआत अच्छी नहीं हुई थी। पांच रन के स्कोर पर अनामुल हक बिना खाता खोले आउट हो गए थे। उन्हें असिथा फर्नांडो ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद रत्नायके ने शादमान इस्लाम को कैच आउट कराया। वह 14 रन बना पाए। वहीं, मोमिनुल हक 29 रन बनाकर लौट गए। इसके बाद मोर्चा कप्तान नाजमुल हुसैन शांतो ने संभाला। उन्हें मुशफिकुर रहीम का साथ मिला। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 264 रनों की साझेदारी हुई। शांतो 148 रन बनाकर आउट हुए।

रहीम श्रीलंका में दूसरी बार 150+ स्कोर बनाने वाले पहले बांग्लादेशी

बांग्लादेश की टीम फिलहाल श्रीलंका दौरे पर है, जहां दोनों के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जा रहा है। 17 जून यानी मंगलवार से शुरू हुए इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश ने चार विकेट खोकर 423 रन बना लिए हैं। बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल बाधित हुआ। इस दौरान मुशफिकुर रहमान ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने सातवीं बार बांग्लादेश के लिए 150 से ज्यादा रनों की पारी खेली। इसके अलावा वह पहले बांग्लादेशी बल्लेबाज बन गए जिसने दूसरी बार श्रीलंका के खिलाफ उन्हीं की धरती पर 150+ का स्कोर बनाया। ऐसा उन्होंने दूसरी बार किया।

टेनिस स्टार राडुकानू का पीछा करने वाले पर हुई कार्रवाई, विंबलडन प्रशासन ने उठाया यह कदम

विंबलडन। टेनिस खिलाड़ी ऐमा राडुकानू का पीछा करने के आरोपी ने विंबलडन के टिकट हासिल करने की कोशिश की, लेकिन ऑल इंग्लैंड क्लब की सुरक्षा प्रणाली ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। ब्रिटिश मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

बीबीसी और अन्य ने बताया कि उस व्यक्ति ने 30 जून से शुरू होने वाले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए सार्वजनिक मतपत्र के माध्यम से टिकट के लिए आवेदन करने की कोशिश की, लेकिन उसके नाम को हटा दिया गया।

फरवरी में दुबई चैंपियनशिप में उस व्यक्ति ने 22 वर्षीय राडुकानू के प्रति अड़ियल व्यवहार दिखाया था जो एक मैच के दौरान भीड़ में उसे देखकर परेशान हो गई थीं। इससे एक दिन पहले उस व्यक्ति ने राडुकानू के लिए एक पत्र छोड़ा था और उसकी तस्वीर ली थी जिससे 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन परेशान हो गईं थी।

'व्यवसाय के मामले में भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज एशेज के बराबर'

इंग्लैंड। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच आगामी पांच मैच की टेस्ट सीरीज व्यावसायिक रूप से एशेज जितनी ही महत्वपूर्ण है। गोल्ड को उम्मीद है कि 2024 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निराशाजनक प्रदर्शन के बाद यह सीरीज इंग्लैंड के प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित करेगी।

पिछले साल देश के खेल प्रशंसक पेरिस ओलंपिक और यूरोप के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट यूरो से जुड़े हुए थे। श्रीलंका पर इंग्लैंड की सीरीज जीत के बाद लॉर्ड्स में खाली सीटें क्रिकेट के लिहाज से अच्छी तस्वीर पेश नहीं कर रही थीं। हालांकि गोल्ड को उम्मीद है कि भारतीय टीम के व्यापक प्रशंसक होने की वजह से गर्मियों में यह सीरीज शानदार रहेगी।

'हम जानते हैं कि यह कितना बड़ा है। यह गर्मियों का महत्वपूर्ण सत्र है।' उन्होंने कहा, 'पिछली गर्मियों में हर जगह तरह-तरह की चीजें हो रही थीं, है ना? मुझे लगता है कि यह पांच टेस्ट मैच की सीरीज के बारे में सबसे अच्छी चीजों में से एक है। यह एक लंबी कहानी होगी जिसमें कई मोड़ आएंगे। यह कुछ ऐसा है जिसमें लोग दिलचस्पी ले सकते हैं। छह सप्ताह की अवधि में सभी तरह की चीजें देखने को मिलेंगी।'

विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन जैसे बड़े नाम पिछले छह महीनों में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं लेकिन खेल में भारत का मैदान के बाहर का दबदबा उनके खिलाफ किसी भी सीरीज को एशेज के बराबर बनाता है। गोल्ड ने कहा, 'निश्चित रूप से व्यावसायिक महत्व के मामले में।' यह सीरीज 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत और इंग्लैंड दोनों के लिए नए चक्र की शुरूआत करेगी। भारत ने 2007 के बाद से इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है और पिछली बार जब उन्होंने 2021-22 में दौरा किया था तब सीरीज 2-2 से बराबर रही थी।

हिमाचल: महिला क्रिकेट विश्वकप में दिख सकती हैं सूबे की तीन क्रिकेटर

हिमाचल। देश में सितंबर में होने जा रहे महिला क्रिकेट विश्वकप में इस बार भारतीय टीम में तीन हिमाचली क्रिकेटरों को भी जगह मिल सकती है। हिमाचल से तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर, हरलीन देओल और तनुजा कंवर को महिला विश्व कप में खेलने का मौका मिल सकता है। रेणुका चोटिल होने के कारण पीछे तीन महीनों से एनसीए बंगलूरू में इलाज करवा रही हैं।

वह जल्द ही पूरी तरह से फिट होकर भारतीय टीम में वापसी करेंगी। हरलीन देओल का इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है। वह 28 जून से इंग्लैंड में ट्राई सीरीज में खेलते नजर आएंगी। तनुजा कंवर ने हाल ही भारतीय महिला टीम में डेब्यू किया है। महिला क्रिकेट विश्व कप में भारतीय टीम का पहला मुकाबला 30 सितंबर को होगा। यह टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच भी होगा। इससे करीब एक माह पहले ही बीसीसीआई की ओर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी जाएगी, ताकि कैंप में खिलाड़ियों का आपसी तालमेल बन सके। रेणुका ठाकुर ने अब तक 19 एक दिवसीय मैच खेले हैं, जिसमें 35 विकेट किए हैं। रेणुका ने 29 रन पर पांच विकेट भी लिए हैं। यह उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वनडे में रेणुका ठाकुर ने चार बार पांच से विकेट हासिल किए हैं। जबकि ऑलराउंडर हरलीन ने अब तक 24 वनडे मैचों की 23 पारियों में एक शतक और तीन अर्धशतक की मदद से 718 रन बनाए हैं। वहीं, तनुजा कंवर ने दो मैचों में दो विकेट हासिल किए हैं।

एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि हिमाचल की तीन बेटियां क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। उम्मीद है कि इस बार भारत में होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप में हरलीन देओल, रेणुका सिंह और तनुजा कंवर को देश की टीम से खेलने का मौका मिले। बीसीसीआई की ओर से जल्द टीम चुनी जाएगी।

प्रादेशिक प्रतियोगिता के लिए 30 तैराक चुने गए, छह राष्ट्रीय स्तर के

नई दिल्ली। 39वीं सब जूनियर और 54वीं जूनियर बालक-बालिका तैराकी प्रतियोगिता लखनऊ में खेली जाएगी। खिलाड़ियों का चयन ट्रायल मंगलवार को सिगरा स्टेडियम में हुआ। इसमें दो सौ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

तैराकी संघ ने मंगलवार शाम चयनित 30 खिलाड़ियों की सूची जारी की है। इनमें 4 पुरुष और 2 महिला राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। बनारस सेंट्रल स्वीमिंग एसोसिएशन के सचिव शंभु प्रसाद ने बताया कि मंडलीय ट्रायल 17 जून को सुबह नौ बजे हुआ। बालक वर्ग में 19 और बालिका वर्ग में 11 का चयन हुआ है।

चयनित खिलाड़ी प्रादेशिक तैराकी प्रतियोगिता में खेलेंगे। ट्रायल स्वीमिंग पूल के इंचार्ज कनाई चंद्र तालपात्रा की देखरेख में हुआ। सब जूनियर में अमन साहनी, आरव यादव, शौर्य चंद्र और कुश कुमार जबकि बालिका वर्ग में अनुष्का केसरी हैं। जूनियर वर्ग में आदित्य साहनी, गौरव सेना गुप्ता, लव कुमार, श्रेयांस यादव, कार्तिक साहनी, अभिनव कुमार और

बालिका वर्ग में गार्गी सरदार, गायत्री, अदिति सिंह, इज्या सिंह, श्वेता साहनी, अनमोल पांडेय शामिल हैं। सीनियर वर्ग में अंगद, सुमित, ऋषिराज, सत्यम अनुकल्प, सूर्यांश सिंह, अक्षय, आदर्श बकि बालिका वर्ग में रिया पटेल, जिया सिंह, अनन्या पटेल जाह्नवी तोमर शामिल हैं।

चयनित तैराकों के लिए 10 दिवसीय शिविर

क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह ने बताया कि मंडलीय टीम में चयनित खिलाड़ियों के लिए सिगरा स्टेडियम में शिविर लगाया गया है। यहां खिलाड़ी 27 जून तक तैराकी के तकनीकी सत्रों में अभ्यास करेंगे। इसके बाद 27 जून को लखनऊ रवाना होंगे।

यूपी कॉलेज में हॉकी खिलाड़ियों ने किया अभ्यास

वाराणसी। उदय प्रताप इंटर कॉलेज में ग्रीष्मकालीन खेल शिविर में 300 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। हॉकी फुटबॉल, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। मंगलवार शाम को हॉकी खिलड़ियों को पेनाल्टी कार्नर से गोल

करने और बचाव का प्रशिक्षण दिया गया। हॉकी कोच शशिकांत सिंह और फुटबॉल कोच अभिषेक रावत ने अभ्यास कराया। सुबह 5.30 से 8.30 शाम 4.30 से 7.30 तक खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हॉकी में 80, फुटबॉल में 50, बास्केटबॉल 60 और एथलेटिक्स में 40 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। प्राचार्य डॉ. रमेश प्रताप सिंह ने बताया कि शिविर का समापन 20 जून को होगा। पूर्वोत्तर रेलवे के हॉकी खिलाड़ी सतीश नारायण सिंह हॉकी की बारीकियां सिखा रहे हैं।

सीतापुर के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 22 से 23 जून तक प्रादेशिक जूनियर अंडर-18 बालिका रग्बी प्रतियोगिता खेली जाएगी। जिला रग्बी फुटबाल संघ के अध्यक्ष डॉ. एके सिंह ने मंगलवार को वाराणसी की टीम घोषित की। टीम में कोमल गुप्ता, पायल यादव, करीना प्रजापति, सृष्टि पटेल, रोशनी, प्रियांशी सिंह, छवि, साक्षी राय, आरुषि गुप्ता, काजल यादव, श्रेया पाल और काजल चौहान हैं। अवनीश पाल कोच होंगे। राष्ट्रीय कुश्ती में वाराणसी के तीन खिलाड़ी फ्री स्टाइल में खेलेंगे। एक ही अखाड़े के दो जबकि बालिका

वर्ग में बीएचयू शिवाजी हॉल की खिलाड़ी रिया दम दिखाएंगी। तीनों खिलाड़ी 18 जून को सिंकदराबाद एक्सप्रेस से रवाना होंगे। वाराणसी जिला कुश्ती संघ के संयुक्त सचिव गोरखनाथ यादव ने बताया कि अंडर-15 राष्ट्रीय कुश्ती महाराष्ट्र के नागपुर में 20 से 22 जून तक होगी। बालिका वर्ग में शिवपुर के चमाव निवासी रिया जबकि पुरुष वर्ग फ्री स्टाइल में चिरईगांव ब्लॉक के कमौली निवासी अंशु और चौबेपुर के शिवम खेलेंगे। खिलाड़ियों के साथ नौ कोच भी नागपुर जाएंगे।

प्रतियोगिता के लिए महिला मुक्केबाज रोहतक रवाना

राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए झांसी में शिविर मंगलवार को खत्म हो गया। वाराणसी मंडल की तीन और साई सेंटर बीएचयू की चार कुल सात बालिकाएं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलने के लिए रोहतक रवाना हुईं। कोच दीपिका तिवारी ने बताया कि मंडल की संध्या पटेल, जागृति यादव और नीतू चौहान हैं। साई बीएचयू सेंटर प्रभारी जेएस द्विवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में नीशू सिंह, संध्या, वैष्णवी और ममता खेलेंगी। बीएचयू के यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स बोर्ड के सेमिनार हॉल में मंगलवार को राष्ट्रीय कार्यशाला उन्नत बास्केटबॉल ऑफिशिएटिंग का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद की ओर से पांच दिवसीय कार्यशाला में देशभर के ऑफिशियल को उच्च स्तरीय तकनीकी ज्ञान दिया गया।

पदक जीतकर काशी पहुंचे खिलाड़ियों का स्वागत

देहरादून में चार दिवसीय राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का स्वागत मंगलवार शाम कैंट स्टेशन पर हुआ। प्रतियोगिता में 16 खिलाड़ियों हिस्सा लिया और 6 ने पदक जीते। कराटे संघ की महासचिव दिलीप सैनी ने बताया कि खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक जीते। अवंतिका सिंह ने स्वर्ण, खुशी प्रजापति और लक्ष्य ने रजत, जबकि खुशी यादव, पलक, अनंत गुप्ता ने कांस्य पदक जीता। इस अवसर पर धर्मेंद्र नाथ मिश्र, रितिका यादव, देवेश विश्वकर्मा, सुमन सिंह, आशुतोष उपस्थित रहे।

पहल पोर्टल नित्य बना रहा है नए आयाम

पहल पोर्टल के माध्यम से 65 आवंटियों ने उठाया आटो करेक्शन की सुविधा का लाभ

76 आवंटियों के द्वारा किए गए थे आवेदन



गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के दिशा निर्देशन में आरंभ किया गया पहल पोर्टल नित्य नए आयाम स्थापित कर रहा है। पोर्टल के माध्यम से घर बैठे किसी तरह के संशोधन आटो करेक्शन की सुविधा का भी लाभ उठाया जाने लगा है। अभी तक आटो करेक्शन की व्यवस्था की कड़ी में कुल 76 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 65 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं, जबकि 4 आवेदन निरस्त किए गए हैं। 7 आवेदन फिल्हाल पेंडिंग हैं।

पहल पोर्टल के माध्यम से न केवल घर बैठे आवंटन लेटर प्राप्त करने, बल्कि म्यूटेशन तथा निकटत्तम बैंक शाखा के माध्यम से किस्तों का

भुगतान किए जाने की भी सुविधा उपलब्ध करायी गई है। हाल में जब आंकडों की समीक्षा की गई तो उस दौरान सामने आया था कि पहल पोर्टल से न केवल करीब 7 हजार 452 आवंटी जुड गए है, बल्कि 33081 आवंटियों के द्वारा अपनी निकटत्तम बैंक शाखाओं के माध्यम से प्राधिकरण कोष में करीब सौ करोड की राशिः जीडीए कोष में जमा की जा चुकी है। इस पोर्टल से प्राधिकरण की दस महत्वपूर्ण योजनाओं को जोडा गया है। जिनमें मुख्य रूप से मधुबन बापू धाम, इंदिरापुरम, स्वर्ण जयंति पुरम, प्रताप विहार, वैशाली, कोयल इन्कलेब, इंद्र प्रस्थ, गोविंद पुरम, कर्पूरी पुरम, चंद्र शिला आदि योजनाएं है।

पहल पोर्टल में खूबी ये है कि इसमें चालान के माध्यम से घर बैठे किष्तों के भुगतान, नौ डयूज सर्टिफिकेट के साथ रजिस्ट्री के लिए घर बैठे स्लाट बुकिंग की भी सुविधा उपलब्ध करायी गई है। इसके साथ साथ ये भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है कि जैसे की आवंटी के द्वारा किष्तों का भुगतान किया जाएगा, वैसे ही उसे ये जानकारी प्राप्त होगी कि अब कितनी राशि अवशेष है। अगली किश्त का कब भुगतान किया जाना है। पहल पोर्टल के माध्यम से हाल में आवंटियों को उसकी मेल पर आवंटन लेटर भी उपलब्ध कराया गया। अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि अक्सर शिकायतें प्राप्त हो रही थीं कि किसी भी तरह के संषोधनों के लिए आवंटी को जीडीए में आना पडता है तथा एक सीट से दूसरी सीट पर भटकना पडता है। ऐसे में आवंटी का समय भी जाया होता है। उन्होंने बताया कि प्रयास ये किए जा रहे है कि छोटी से छोटी समस्याओं के लिए आवंटी को भटकना न पडे।

इस बार सरकार वालों की होगी बोर्ड की बैठक में जबरदस्त वाली तकरार

अफसर से अपना काम किया और सियासत अपना काम कर रही है। अधिकारी का काम राजस्व बढ़ाना है और अफसरों को इससे कोई मतलब नहीं होता कि राजस्व के रास्ते में कौन आ रहा है। वहीं सियासत को ये भी देखना है कि जनता के बीच जाना है और वो समझ नहीं पा रहे कि बढ़े टैक्स पर क्या कहना है। सितम ये भी हुआ है कि टैक्स की बोतल से ये जिन्न ऐसे समय में बाहर निकला है जब फूल वालो को जनता के बीच जाकर बताना है कि प्रधानमंत्री के 11 वर्ष का कार्यकाल कितना शानदार रहा है। अगर सरकार सूबे में कोई और होती और केन्द्र में कोई और होती तो वो ठीकरा फोड भी देते लेकिन यहां तो चारो तरफ भगवा कलर छाया है। पार्षदों ने मोर्चा खोला है और बोर्ड बैठक में इस बार विपक्ष वाला फायर कमल के फ्लावर वालों की ओर से होगा।

हम ना विपक्ष ना सरकार देख रहे हैं हम तेल देख रहे हैं और धार देख रहे हैं

जनता ने तो फुल जनादेश दिया और 100 पार्षदों वाले सदन में 75पार्षद फूल वालों के हैं लेकिन फूल वाले आपस में ही कूल नहीं है। टैक्स में कई गुना बढ़ोत्तरी हो गई और पहला मोर्चा फूल वाले पार्षदों ने खोला। ऐसा नहीं है कि सारे पार्षद मोर्चा खोल रहे है। कुछ ऐसे हैं जो वेट एंड वॉच वाले मोड पर हैं। कुछ को लग रहा है कि डिप्टी मेयर वाला ख्वाव कहीं अधूरा ना रह जाये, इसलिए वो बुरा बनना ही नहीं चाहते। नदिया पार वाले एक पार्षद ने कार्यकारिणी में आने के चक्कर में दोनों हाथ में लड्डू लेने की कोशिश की। पूर्व डिप्टी मेयर तो इतनी केयर बरत रहे हैं कि ना टैक्स को खराब बता रहे और ना फेयर बता रहे हैं। इस पूरे गेम को वॉच कर रहे पार्षद ने कहा कि भाईसाहब ना तो हमारे तेवर विपक्ष वाले हैं और ना ही हम सरकार के पाले में खडे हैं। सही बात तो ये है कि हम केवल हाऊस टैक्स बढ़ोत्तरी वाले तेल को देख रहे हैं और रिएक्शन की धार को देख रहे हैं।

पुरानों से छुटकारा पाने के बाद ही हो पायेगा यहां हाथ वालों का उद्धार

एक लंबे समय के बाद हाथ वाले स्लिपिंग मोड से बाहर आ रहे हैं। कांग्रेस यहां एक बार फिर से अपने पुराने डीडीएम मॉडल पर फोकस करती दिखाई दे रही है। वो महानगर की कमान दलित को सौंप चुकी है। जिले की कमान ब्राह्मण को सौंप चुकी है और महानगर की महिला कांग्रेस की कमान मुस्लिम ने संभाल ली है। एक समय था जब ये डीडीएम कांग्रेस का सबसे पुख्ता वोटबैंक होता था। महिला कांग्रेस भी इन दिनों ऊर्जावान होकर खुशनुमा तरक्की का एहसास करा रही है। महानगर वाले बैठकें कर रहे हैं, जिले वाले बैठकें कर रहे हैं। कांग्रेस की इस मेहनत को लेकर कांग्रेसी ने ही कहा कि यहां कांग्रेस के पास टीम भी आ सकती है और वो थीम पर भी काम कर सकते हैं। इसके लिए पुराने कांग्रेसी ने अनिवार्य शर्त बताई और कहा कि जब तक ये पुराने फ्यूज बल्ब नहीं बदले जायेंगे तब तक हाथ वालों के यहां उजाला नहीं होगा। उन्होंने नाम नहीं लिया और कहा कि विधानसभाओं में जमानते जब्त हो रही है। मौहल्लों में निगम वाली सीटों पर वोट नहीं दिला सकते और शब्दों कीचोट कार्यकर्ताओं के दिलों पर करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि हाईकमान अगर इन पुराने वालों को वीआरएस देकर नई भर्ती कर ले तो यहां सियासी रण में कांग्रेसी मुकाबले में खड़े दिखाई देंगे।

शत-प्रतिशत पौधरोपण के लिए सभी विभाग प्रस्तुत करें कार्ययोजना : जिलाधिकारी

पौधरोपण के लिए सभी विभाग बनाएं अपने-अपने माइक्रोप्लान: दीपक मीणा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। जिला वृक्षारोपण समिति की मासिक बैठक दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन, गाजियाबाद में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा सभी विभागों को दिये गये लक्ष्यों के अनुसार भूमि चिह्नांकन एवं गड्ढा खुदान की शत प्रतिशत प्रगति गाजियाबाद वन प्रभाग को उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने समस्त विभागों को दिये गये लक्ष्यों के सापेक्ष माईक्रोप्लान बनाये जिसमे किस स्थान पर कितने पौधे तथा किस प्रजाति के पौधे रोपित किये जायेंगे, उनका विवरण अवरोही क्रम मे उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वह स्वयं आगामी बैठक में अपने-अपने विभागों के बड़े स्थल को चिन्हित कर, उन पर पौधरोपण हेतु बनाई कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे तथा बेसिक शिक्षा विभाग तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों से एक पेड़ मां के नाम से पौधरोपण कराया जाये। बैठक में प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, गाजियाबाद, उप प्रभागीय वनाधिकारी, गाजियाबाद तथा समिति के नामित एवं पदेन सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

लोगों की शिकायत के बाद वार्ड-68 में लगाई गई हाई मास्ट लाइटें

गाजियाबाद करंट क्राइम। वार्ड 68 बृज विहार में बुधवार को पार्षद विनय चौधरी ने नंदा देवी पार्क, डी ब्लॉक और सेंट्रल पार्क राधाकुंज में हाई मास्ट लाइट्स का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों ने शिकायत दर्ज कराई थी कि हाई मास्ट लाइट्स नहीं होने से रात को परेशानी होती है। इस को देखते हुए हाई मास्ट लाइट्स लगाई गई, इससे रात्रिकालीन समय में बेहतर रोशनी उपलब्ध होगी जिससे स्थानीय निवासियों को न केवल सुविधा मिलेगी बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी यह एक बड़ा कदम माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य वार्ड 68 को सुविधायुक्त और सुरक्षित बनाना है। जनता से जो वादे किए हैं, उन्हें चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। इस मौके पर मुनेश पाल सिंह, अशोक पांडेय, वी.पी. सिंह, यदाराम चौधरी, पुष्पेन्द्र कौशिक, जगदीश्वर प्रसाद, नरेंद्र मास्टर कसाना जी, मोनिका वशिष्ठ, रेखा गुप्ता, एस.आर. तिवारी जी, विनोद चौधरी, मित्तल, भुवन चंद्र जोशी, अक्षय लाल शर्मा, पिंकी कसाना, अनिता वशिष्ठ, यशवती समेत कई लोग उपस्थित थे।

8वीं एनडी आरएफ वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन ने किया योग शिविर का आयोजन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। 8वीं एनडीआरएफ वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन ने 'एक पृथ्वी, एक स्वस्थ' थीम पर आधारित एक योग शिविर का सफल आयोजन किया, जिसमें सभी बचावकर्मियों के परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य योगाभ्यास के माध्यम से शारीरिक और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देना था। शिविर के दौरान 8वीं बटालियन के ठअहअ अध्यक्ष डॉ. अनुपमा गौतम ने सभी को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य और कल्याण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सेवा और बचाव के समय में परिवारों की भलाई महत्वपूर्ण होती है, और ऐसे कार्यक्रम न केवल पारिवारिक बंधन को मजबूत करते हैं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य में भी योगदान करते हैं।

इस आयोजन में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योग सत्रों का आयोजन किया गया, जिससे सभी प्रतिभागियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिला। परिवारों ने विभिन्न आसनों और ध्यान के अभ्यास में भाग लिया, जिससे एनडीआरएफ परिवार के भीतर सामुदायिक भावना और मिलनसारिता बढ़ी। संघ सभी प्रतिभागियों और प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम भविष्य में अपने समुदाय में स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के और कार्यक्रमों के आयोजन की आशा करते हैं।

इन्दिरापुरम में चला सघन चैकिंग अभियान

- संदिग्धों की ली गई तलाशी

गाजियाबाद करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के इन्दिरापुरम सर्किल में बुधवार की शाम एसीपी अभिषेक श्रीवास्व के नेतृत्व में इन्दिरापुरम, खोड़ा और कौशाम्बी थानाक्षेत्र में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत संदिग्धों की वाहन रोक कर तलाशी ली गई। साथ ही यातायात नियमों का पालन ना करने वाले वाहन चालकों के चालान भी किये गये हैं। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि शाम के समय भीड़-भाड अधिक हो जाती है। ऐसे में स्नैचिंग एवं अन्य आपराधिक वारदातों को रोकने के मकसद से बुधवार की शाम इन्दिरापुरम सर्किल में सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कई लोगों के नियम तोड़ने और लापरवाही मिलने पर चालान भी किये गये।

डिप्टी सीएम ग्रेटर नोएडा में बोले आतंकवाद पर लगाई गई लगाम

गौतम बुद्ध नगर करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने ग्रेटर नोएडा के दादरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आकिलपुर में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों का जिक्र किया। मौर्य ने कहा कि 2014 से पहले देश निराशा में डूबा हुआ था और भ्रष्टाचार चरम पर था। जनता ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर देश की दिशा बदल दी। उन्होंने आतंकवाद के मुद्दे पर कहा कि पहले भारत पर आतंकी हमले होते थे और सरकार कमजोर प्रतिक्रिया देती थी। मोदी सरकार ने आतंकवादियों को करारा जवाब दिया।

डिप्टी सीएम ने आयुष्मान भारत योजना पर विशेष जोर दिया। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई इस योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिलता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अभियान चलाकर लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाएं। साथ ही चेतावनी दी कि जो अधिकारी कार्ड नहीं बनवाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में सांसद सांसद महेश शर्मा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, विधायक तेजपाल नागर और जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा भी मौजूद रहे। इस दौरान मौर्य ने विपक्षी नेताओं राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा।

ओवरटेक के चक्कर में कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो छात्र घायल

मोदीनगर (करंट क्राइम)। मोदीनगर निवाड़ी मार्ग पर डीजे डेन्टल कॉलेज के सामने एक तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को ओवरटेक करने के दौरान बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दो छात्र घायल हो गए। देवेन्द्रपुरी कॉलोनी निवासी बीमा एजेंट अरविंद कुमार का 15 वर्षीय पुत्र जयंत प्रताप सिंह अपने दोस्त के साथ बाइक पर जा रहा था। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों छात्र कई फीट दूर जा गिरे। कार अनियंत्रित होकर 10 फीट गहरे नाले में गिर गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को मोदीनगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जयंत की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे गाजियाबाद के निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद मार्ग पर करीब 30 मिनट तक जाम की स्थिति रही। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय के अनुसार, मेरठ नंबर की कार को कब्जे में ले लिया गया है। चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। शिकायत मिलने पर मामला दर्ज किया जाएगा।

दो मंजिला इमारत की विंडो एसी में ब्लास्ट

धमाका होते ही कमरे में लगी भीषण आग, लोगों ने भागकर बचाई जान

नोएडा (करंट क्राइम)। नोएडा की दो मंजिला इमारत में एसी में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट होते ही उसमें आग लग गई। आग से कमरे में रखा सामान जल गया। आग लगते ही पहली मंजिल पर रहने वाले लोग भागकर बाहर आ गए। पुलिस और फायर बिग्रेड को सूचना दी। ब्लास्ट होते ही लोगों में मची भगदड़ नोएडा के सेक्टर 36 में मनीष अरोड़ा का दो मंजिला मकान है। दूसरी मंजिल पर 5 लोग रहते हैं। मंगलवार रात सभी लोग खाना खाकर सो रहे थे। रात करीब 12:35 बजे में एक युवक के कमरे में लगा एसी तेज धमाके साथ फट गया। एसी के फटते ही आग की लपटें निकलने लगीं।

धमाके की आवाज सुनते ही दूसरी मंजिल पर रहने वालों में भगदड़ मच गई। सभी भाग कर नीचे आ गए। मनीष ने बताया कि मैं भी अपने बच्चों के साथ सड़क पर आ गया। फिर मैंने दमकल और पुलिस को फोन किया।

2 दमकल गाड़ियों ने 30 मिनट में बुझाई आग सूचना के बाद दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब आधे घंटे बाद आग पर काबू पाया। अगल-बगल के कमरों और बिल्डिंग में पानी की पानी की बौछारें की गईं। ताकि बिल्डिंग को ठंडा रखा जा सके। आग से कमरे में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। दीवारों पर दरारें आ गईं। मकान मालिक मनीष ने बताया कि विंडो एसी था। उसका कंप्रेसर फट गया। जिसकी वजह से आग लगी।

जल्द आएगी सिटी के टू-स्टारों वाली लिस्ट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जल्द ही सिटी जोन के टू-स्टारों की लिस्ट आ सकती है। कई को चौकी मिल सकती है, तो कई को चौकी से हटाने की भी जानकारी मिल रही है। तो वही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिसटम के सूत्र बता रहे हैं की लिस्ट वैसे पहले आने वाली थी, लेकिन सिटी में एक लूट वाले मामले की वजह से थोड़ा डिले हो गई है। वैसे देखना होगा की लिस्ट सिटी वाले खास थाने के खुलासे से पहले आती है या अभी खुलासे का वेट किया जाएगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि बीते 15 से 20 दिनों के भीतर जहां देहात में ताबड़तोड़ तीन लिस्ट आई है। तो अन्य जोन की लिस्ट उतनी तेजी से नहीं आई है। बताया जा रहा है कि सिटी वाली लिस्ट में एक दर्जन से अधिक टू-स्टारों को मौका मिल सकता है। इसमें कई खास भी चांस पा सकते हैं। तो वहीं कई प्रभारियों से तालमेल ना बैठाने वाले टू-स्टार लाइन की ओर भी भेजे जा सकते हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि सिटी वाली लिस्ट का पुलिस कर्मियों के बीच भी काफी बेसब्री से इंतजार है। उधर सुनने में आया है कि पहले जिस ऑफिस का स्टाफ लिस्ट को लेकर सबसे ज्यादा एक्टिव रहता था, इस बार उसकी एक्टिंवनेस कम है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों ने बताया है कि इसी के साथ जल्द ही सिटी जोन के एक थाने के लिए नया कैंडिडेट भी आएगा, उसकी भी सर्चिंग चल रही है। तो ऐसा भी हो सकता है कि एक जुलाई के बाद अनुमोदन होते ही कुछ और परिवर्तन भी देखने को मिल सकते हैं। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि सिटी जोन की पहली लिस्ट में किस पर कृपा होती है, किसको साइड लाइन किया जाता है और किसको टाइट किया जाता है, यह देखना भी दिलचस्प रहेगा। इस लिस्ट को लेकर कई एसीपी स्तर के अधिकारी भी वेट एंड वॉच में लगे हुए हैं। तो देखना होगा कि देहात और नदिया पार से आने वाले किस-किस टू-स्टार को सिटी वाले जोन में मौका मिलता है या उनको अभी वेट वाले जोन में रहना पड़ेगा। उधर बुधवार को आई 152 टू-स्टारों के बदलाव वाली लिस्ट के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई थानों से लेकर चौकियों के मामले में बड़ा अंतर भी देखने को मिलेगा।

ऑनलाइन रिटर्न के चक्कर में साइबर ठगी

एनीडेस्क ऐप डाउनलोड कराकर खाते से उड़ाए 46 हजार रुपए

नोएडा (करंट क्राइम)। ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक साइबर ठगी का मामला सामने आया है। उत्तराखंड के रहने वाले खुशहाल सिंह के बैंक खाते से ठगों ने 46 हजार रुपए उड़ा लिए। खुशहाल सिंह दनकौर क्षेत्र की एक बिल्डर साइट पर काम करते हैं। उन्होंने मंगलवार को ऑनलाइन कुछ सामान मंगवाया था। सामान में कमी मिलने पर वह इसे वापस करना चाहते थे। इसलिए वह कंपनी की वेबसाइट पर गए। कुछ देर बाद एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉलर ने खुद को कंपनी का कर्मचारी बताया।

उसने सामान वापस करने का भरोसा दिलाया और एक लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक करते ही खुशहाल का फोन एनीडेस्क के जरिए ठगों के नियंत्रण में आ गया। ठग ने खुशहाल को यूपीआई पासवर्ड मोबाइल में डालने को कहा। इसके बाद उनके सभी पासवर्ड और ओटीपी ठग के पास पहुंच गए। ठग ने तुरंत खाते से 46 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने बुधवार को दनकौर कोतवाली की साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दिल्ली से मुरादाबाद जा रही कार में लगी आग

हापुड़ में एक्सीडेंट के बाद जलकर राख, कोई हताहत नहीं

हापुड़ (करंट क्राइम)। हापुड़ में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर सबली कट बाईपास के पास मंगलवार देर रात एक खड़ी दुर्घटनाग्रस्त कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात भी प्रभावित हुआ।

जानकारी के अनुसार, यह कार दिल्ली से मुरादाबाद जा रहे एक परिवार की थी। सोमवार रात इस वाहन की एक अन्य गाड़ी से टक्कर हो गई थी, जिसमें परिवार के सदस्यों को मामूली चोटें आई थीं। क्षतिग्रस्त कार को घटनास्थल पर ही छोड़ दिया गया था। मंगलवार रात अचानक कार में आग लग गई। राहगीरों ने धुआं और आग की लपटें देखकर तुरंत पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग ने आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि पुलिस द्वारा विस्तृत जांच जारी है।

हापुड़ में गोवंश के अवशेष मिलने से तनाव

मक्का के खेत से मिले अवशेष, हिंदू संगठनों ने की कार्रवाई की मांग

हापुड़ (करंट क्राइम)। हापुड़ के सिंभावली थाना क्षेत्र में गोवंश के अवशेष मिलने से क्षेत्र में तनाव का माहौल है। गांव सिखेड़ा के राजपुर फाटक के पास मक्का के खेत में गोवंश के अवशेष मिले। सूचना मिलते ही गौ सेवक मोहित चौधरी अपने कार्यकर्ताटों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया। सिंभावली पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर अवशेषों का सैंपल जांच के लिए भेजा। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से अवशेषों को खेत में दफनाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र में लगातार हो रही गौकशी की घटनाओं पर नाराजगी व्यक्त की। कार्यकताओं ने कहा कि पुलिस ने कई बार गौकशी में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार किया है। कुछ मामलों में मुठभेड़ भी हुई है। फिर भी अपराधी नहीं सुधर रहे हैं। सिंभावली थाना प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच के बाद घटना का खुलासा किया जाएगा।

क्रोएशिया पहुंचे पीएम मोदी, क्रोएशियाई राष्ट्रपति और पीएम से करेंगे मुलाकात

कनाडा। जो कि 0.26% है। क्रोएशिया 47 बिलियन डॉलर के सामान और सेवाओं का आयात कर रहा है और वे भारत से केवल 380 मिलियन डॉलर का आयात कर रहे हैं जो कि 0.67% है। भारत और क्रोएशिया के बीच दोनों दिशाओं में व्यापार में वृद्धि की गुंजाइश बहुत अधिक है। वर्तमान में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और बहुत जल्द तीसरी बन जाएगी। यह यात्रा हमें एक ऐसा साझेदार खोजने में मदद करेगी ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में क्रोएशिया में भारत के राजदूत अरुण गोयल ने कहा, क्रोएशिया ने खुद आतंकवाद, कट्टरवाद और उग्रवाद का अनुभव किया है। जब पहलगाम की घटना हुई, तो हम स्तब्ध रह गए। मुझे अपने निजी

फोन पर कई क्रोएशियाई लोगों से संदेश मिले। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की संतुलित और संयमित प्रतिक्रिया की सभी क्रोएशियाई लोगों ने सराहना की। अगर आप सड़क पर किसी से भी बात करेंगे, तो आप पाएंगे कि क्रोएशियाई लोग भारत के दृष्टिकोण का समर्थन कर रहे हैं। वे पूरी तरह से भारत के साथ हैं।

ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में क्रोएशिया में भारत के राजदूत अरुण गोयल ने कहा, क्रोएशिया ने खुद आतंकवाद, कट्टरवाद और उग्रवाद का अनुभव किया है। जब पहलगाम की घटना हुई, तो हम स्तब्ध रह गए। मुझे अपने निजी फोन पर कई क्रोएशियाई लोगों से संदेश मिले। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की संतुलित और संयमित प्रतिक्रिया की सभी क्रोएशियाई लोगों ने सराहना की। अगर आप सड़क पर किसी से भी बात करेंगे, तो आप पाएंगे कि क्रोएशियाई लोग भारत के दृष्टिकोण का समर्थन कर रहे हैं। वे पूरी तरह से भारत के साथ हैं।

भारत-क्रोएशिया व्यापार संबंधों पर क्रोएशिया में भारत के राजदूत अरुण गोयल ने कहा अगर हम भारत और क्रोएशिया के बीच वर्तमान व्यापार संख्या को देखें, हालांकि यह साल दर साल बढ़ रहा है, आज की तारीख में क्रोएशियाई निर्यात 27 बिलियन डॉलर है और वे भारत को केवल 70 मिलियन डॉलर का निर्यात कर रहे हैं

गाजा में खाना लेने की कोशिश कर रहे फलस्तीनियों पर टैंकों से गोलाबारी

गाजा पट्टी । गाजा में मंगलवार को सहायता ट्रक से खाना हासिल करने की कोशिश कर रहे फलस्तीनियों पर इस्राइली टैंकों से गोलाबारी की गई। इसमें 59 लोगों की मौत हो गई और 221 लोग घायल हो गए। सोशल मीडिया पर साझा एक वीडियो में दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस की एक सड़क पर करीब एक दर्जन क्षत-विक्षत शव पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। इस्राइली सेना ने इलाके में गोलीबारी की बात स्वीकार की और कहा कि वह इस घटना की जांच कर रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इस्राइली टैंकों ने हजारों लोगों की भीड़ पर कम से कम दो गोले दागे। यह भीड़ खान यूनिस होती हुई मुख्य पूर्वी सड़क पर सहायता ट्रकों से भोजन प्राप्त करने की कोशिश में एकत्रित हुई थी। नासर अस्पताल में भर्ती एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा, अचानक उन्होंने हमें आगे बढ़ने दिया और सभी को इकट्ठा किया। इसके बाद टैंक से गोले दाग

दिए। उनमें कोई दया नहीं थी। लोग मर रहे हैं। अपने बच्चों के लिए भोजन जुटाने के प्रयास में मर रहे हैं। फलस्तीनी चिकित्सकों ने कहा कि गोलाबारी में कम से कम 59 लोग मारे गए और 221 घायल हुए हैं। इनमें कम से कम 20 की हालत गंभीर है। घायलों को कारों, रिक्शा व गधा गाड़ियों में अस्पताल लाया गया।

59 की मौत

इस्राइली सेना ने एक बयान में कहा, खान यूनिस के क्षेत्र में गोलाबारी की सूचना की जांच की जा रही है। किसी भी नागरिक को हुए नुकसान के लिए सेना को खेद है। सेना का प्रयास है कि नागरिकों को कम से कम नुकसान हो।

रूस की मदद के लिए उत्तर कोरिया ने फिर बढ़ाए हाथ

सियोल । उत्तर कोरिया एक बार फिर रूस की मदद के लिए एक बार फिर पहल की है। उत्तर कोरिया अब रूस के कुर्स्क क्षेत्र में पुनर्निर्माण कार्यों में मदद और बारूदी सुरंग हटाने के लिए हजारों सैन्य श्रमिकों भेजेगा। इससे उत्तर कोरिया और रूस के संबंधों में मजबूती आएगी।

यूक्रेन के खिलाफ जंग में उत्तर कोरिया रूस की कई बार मदद कर चुका है। रूसी समाचार एजेंसी तास के अनुसार रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु ने कहा कि उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने कुर्स्क क्षेत्र में बारूदी सुरंगों को साफ करने के लिए एक हजार सैनिक और बुनियादी ढांचे को बहाल करने के लिए पांच हजार सैन्य निर्माण श्रमिकों को भेजने का फैसला लिया है।

शोइगु ने कहा कि रूसी धरती से यूक्रेन के सैनिकों को खदेड़ने के बाद हम रचनात्मक सहयोग जारी रखने पर सहमत हुए हैं। इसमें उत्तर कोरिया कुर्स्क क्षेत्र की बहाली में सहायता

प्रदान करेगा। यह एक तरह की भाईचारे वाली सहायता है। उन्होंने कहा कि रूस और उत्तर कोरिया ने कुर्स्क में मरने वाले उत्तर कोरियाई सैनिकों के सम्मान में दोनों देशों में स्मारक बनाने पर सहमति व्यक्त की है।

उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि किम ने कुर्स्क की वर्तमान स्थिति के संबंध में रूस के साथ उत्तर कोरिया के सहयोग की बात दोहराई। हालांकि उन्होंने सैन्य निर्माण श्रमिक भेजने की बात का जिक्र नहीं किया। किम ने कहा कि उन्होंने रूस की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों का हमेशा और बिना शर्त समर्थन किया है।

किम और शोइगू ने कुर्स्क क्षेत्र को मुक्त कराने के लिए उत्तर कोरियाई सैनिकों के कामों को लंबे समय तक प्रसारित करने के लिए कुछ योजनाओं को मंजूरी दी। शोइगु की यह उत्तर कोरिया की लगभग तीन महीनों में तीसरी यात्रा थी।

भारत से शिकस्त पाने के बाद अमेरिका के सामने हाथ फैलाने पहुंचे मुनीर, ट्रंप के साथ करेंगे लंच

वॉशिंगटन । भारतीय सेना ने संतुलित और सटीक सैन्य अभियानों के दौरान नौ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। इसमें कुछ पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में हैं, जबकि कुछ पाकिस्तान की सीमा के भीतर। भारत के साथ उपजे तनाव और रिश्तों की तल्खी को भूलने का दिखावा कर रही पाकिस्तानी सेना अमेरिका से समर्थन की आशा कर रही है। इसी जद्दोजहद में फील्ड मार्शल आसिम मुनीर अमेरिका पहुंचे हैं। मुनीर राष्ट्रपति ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस के कैबिनेट रूम आज लंच करने वाले हैं।

व्हाइट हाउस में लंच से पहले भारत से पीएम मोदी की दो टूक अमेरिका में दोपहर के इस भोज से पहले भारत ने अमेरिका को दो टूक



संदेश भी दिया है। पीएम मोदी ने फोन पर बातचीत के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' को पाकिस्तान के अनुरोध के बाद रोका गया था। इसमें अमेरिकी मध्यस्थता या व्यापार सौदे की पेशकश जैसी कोई वजह नहीं थी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि पिछले महीने सात मई को हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' और 10 मई को सीजफायर की घोषणा के बाद ट्रंप और पीएम मोदी ने पहली बार बातचीत की है। यही नहीं पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के निमंत्रण को ठुकरा दिया और कहा कि कनाडा से लौटते समय उनका वाशिंगटन में रुकना संभव नहीं है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों के साथ-साथ सैन्य अड्डों को भी भारी नुकसान पहुंचाया। इसके बाद भारत के सात सर्वदलीय शिष्टमंडल ने 33 देशों में दहशतगर्दों का समर्थन करने वाली पाकिस्तानी सेना की पोल खोली

अमेरिका के स्थानीय समयानुसार 18 जून की दोपहर करीब एक बजे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को व्हाइट हाउस में दोपहर के भोजन (लंच) के लिए आमंत्रित किया है। व्हाइट हाउस की तरफ से जारी बयान के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति और पाकिस्तानी मेहमान की यह बैठक व्हाइट हाउस के कैबिनेट रूम में होगी। भारतीय समयानुसार दोनों की बैठक आज रात करीब 8-9 बजे होगी।

पाकिस्तानः बम विस्फोट से जाफर एक्सप्रेस की छह बोगियां पटरी से उतरीं, इमरान ने दो हफ्ते के लिए प्रदर्शन टाला

इस्लामाबाद । पाकिस्तान में बुधवार को रेलवे ट्रैक के पास रखे गए बम में हुए धमाके की वजह से जाफर एक्सप्रेस ट्रेन की छह बोगियां पटरी से उतर गईं। हादसा सिंध प्रांत के जैकोबाबाद जिले में हुआ। यह अशांत प्रांत बलूचिस्तान की सीमा से लगा हुआ है। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

विस्फोट जैकोबाबाद में मवेशी बाजार के पास रेलवे ट्रैक के पास हुआ, जिससे जाफर एक्सप्रेस की छह बोगियां पटरी से उतर गईं। विस्फोट के बाद पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी ने इलाके की घेराबंदी कर दी। अधिकारी फिलहाल विस्फोट के कारण और प्रकृति की जांच कर रहे हैं। विस्फोट के बाद मार्ग पर ट्रेन परिचालन अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया। अभी तक किसी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली

है। इमरान खान ने वैश्विक तनाव के कारण दो सप्ताह के लिए प्रदर्शन टाला इस बीच जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने ईरान-इस्राइल संघर्ष के बाद चल रहे वैश्विक घटनाक्रम के कारण अपनी पार्टी के नियोजित राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन को दो सप्ताह के लिए टाल दिया है। पिछले महीने की शुरूआत में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक ने कहा था कि वह केंद्र में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के खिलाफ अपनी पार्टी के आगामी विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व जेल से करेंगे। हालांकि, विरोध प्रदर्शन की सही तारीख की घोषणा नहीं की गई। मंगलवार को अदियाला जेल के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए इमरान खान की बहन नोरीन नियाजी ने कहा कि पीटीआई नेता ने ईरान-इस्राइल संघर्ष के बाद मौजूदा अंतरराष्ट्रीय स्थिति को देखते हुए राष्ट्रव्यापी आंदोलन को दो सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसला किया है। उन्होंने बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच राष्ट्रीय एकता की आवश्यकता पर जोर दिया है।

इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में

क्रिकेटर से राजनेता बने 72 वर्षीय इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में हैं। अप्रैल 2022 में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के जरिए सत्ता से बेदखल होने के बाद से उन पर भ्रष्टाचार से लेकर आतंकवाद तक के कई मामले दर्ज किए गए हैं।

एक्सिओम मिशन 4 की लॉन्चिंग में फिर देरी 22 जून से पहले प्रक्षेपण की कोई तैयारी नहीं

वॉशिंगटन । एक्सिओम मिशन 4 के प्रक्षेपण में एक बार फिर देरी होगी। मिशन अब पहले से तय 19 जून को लॉन्च नहीं होगा। बताया गया कि नासा, एक्जिओम स्पेस और स्पेसएक्स अब रविवार, 22 जून से पहले अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए चौथे निजी अंतरिक्ष यात्री अभियान 'एक्सिओम मिशन 4' के प्रक्षेपण का लक्ष्य नहीं बना रहे हैं। प्रक्षेपण तिथि में बदलाव से नासा को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के ज्वेज्दा सेवा मॉड्यूल के सबसे पिछले हिस्से में हाल ही में किए गए मरम्मत कार्य के बाद स्टेशन संचालन का मूल्यांकन जारी रखने का समय मिलेगा।

कई बार टाला जा चुका मिशन 19 जून वाली लॉन्चिंग टालने से

पहले एक्सिओम स्पेस मिशन को 11 जून को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाना था, लेकिन स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट में ईंधन रिसाव और फिर आईएसएस के रूसी खंड में रिसाव के कारण पहले इसे टालना पड़ा था। सबसे पहले 29 मई को लॉन्च होने वाले इस 14 दिवसीय मिशन को 8 और 10 जून को भी टालना पड़ा था। इसरो ने ट्वीट किया, 'इसरो, पोलैंड और हंगरी की टीमों ने एक्सिओम मिशन 4 की संभावित लॉन्च टाइमलाइन के बारे में एक्सिओम स्पेस के साथ विस्तृत चर्चा की। इसके बाद एक्सिओम स्पेस ने कई मापदंडों का आकलन करने के लिए नासा और स्पेसएक्स के साथ परामर्श किया। स्पेसएक्स फाल्कन 9 लॉन्च वाहन, ड्रैगन अंतरिक्ष यान की तत्परता की स्थिति, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के ज्वेज्दा मॉड्यूल में मरम्मत, चढ़ाई गलियारे की मौसम की स्थिति, चालक दल के स्वास्थ्य और तैयारियों के आधार पर एक्सिओम स्पेस ने सूचित किया है कि अगली संभावित लॉन्च तिथि 22 जून 2025 है।

इस्राइल-ईरान के बीच छिड़ी जंग में अभी कई पेंच हैं, असली सवाल बढ़ते अमेरिकी दबदबे का

ईरान। जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जी-7 शिखर सम्मेलन छोड़कर वाशिंगटन लौट आए हैं। ईरान को संघर्ष विराम नहीं, अब सीधे समर्पण करने का प्रस्ताव दे रहे हैं। आखिर क्या होने वाला है

सामरिक और रणनीतिक मामले के जानकार कहते हैं कि ईरान इतनी आसानी से समर्पण नहीं करेगा। मध्यस्थता के वातार्कार देश सफल नहीं हो पाए हैं। उम्मीद है कि अभी यह लड़ाई चल सकती है। ईरान के घुटने टेकने का मतलब हुआ कि मध्य-पूर्व में अमेरिका, इस्राइल का पूरा दखल बढ़ जाएगा। यह चीन और रूस दोनों को अखर रहा है।

ईरान ने इस्राइल की नाक पकड़ ली है

अमेरिका की तमाम घड़ुकयों, धमकियों से बेपरवाह ईरान से सीधे

अपने अस्तित्व के लिए दुश्मन बने इस्राइल की सीधे नाक पकड़ ली है। उसकी और अमेरिका की असल की चिंता ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम की संभावना है। भारतीय सामरिक और रणनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान के हमले में इस्राइल को बड़ा नुकसान हुआ है। इस्राइल में मीडिया से लेकर सूचना पर जबरदस्त पाबंदी है। इसलिए नुकसान, हमले की घातकता और अन्य खबरें पूरी तरह से बाहर नहीं आ रहा है। ईरान के पास कई तरह की और बड़ी संख्या में मिसाइल (प्रोजेक्टाइल) हैं। तेल अवीव में रह चुके सूत्र की माने की तो ईरान ने घातक रेंज की मिसाइलों को दागना शुरू किया है और अभी उसके पास इससे भी उन्नत मिसाइलें हो सकती हैं। सूत्र का कहना है कि इस्राइल के नागरिक भी सुरक्षित ठिकाने की तलाश में निकल रहे हैं। इसलिए अभी आगे लड़ाई जारी रहने की संभावना है।

सामरिक और रणनीतिक मामलों के जानकार सूत्र का कहना है कि ईरान के फोर्डे परमाणु संयंत्र पर इस्राइल ने हमले की बड़ी कोशिश की है, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूत्र का कहना है कि इस्राइल के हमले में ईरान के सेना प्रमुख, उप प्रमुख, टॉप आपरेशन कमांडर, वैज्ञानिक और अन्य महत्वपूर्ण लोग मारे गए हैं। ईरान का खुफिया मुख्यालय समेत तमाम सामरिक महत्व की इमारतें ध्वस्त हुई हैं। उसकी वायु रक्षा प्रणालियों को बड़ा नुकसान पहुंचा है, लेकिन ईरान के रणनीतिकारों को इस्राइल से इस तरह की प्रतिक्रिया का पहले से अंदाजा था। इसलिए उन्होंने तमाम वैकल्पिक तैयारियां कर रखी हैं।

ईरान और इस्राइल की जंग खुलकर हो रही है। मध्य-पूर्व भड़की आग ने न केवल दुनिया का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है, बल्कि अब यह लड़ाई पेंचीदा होती जा रही है। चीन ने इस लड़ाई के लिए सीधे अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन खामोश हैं

अगले जी7 सम्मेलन की मेजबानी करेगा फ्रांस

कनानास्किस । अगले साल जी-7 शिखर सम्मेलन फ्रांस के इवियन शहर में आयोजित किया जाएगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कनाडा के रॉकीज रिसॉर्ट कनानास्किस में 2025 के शिखर सम्मेलन के दौरान सोशल मीडिया पर एक वीडियो के जरिये यह घोषणा की। इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए मैक्रों ने कहा कि इवियन और उसके आसपास के क्षेत्र ने इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को आयोजित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। बता दें कि इवियन फ्रांसीसी स्पा शहर है और अपने खनिज जल के लिए जाना जाता है।

इवियन-लेस-बेन्स, फ्रांस के आल्प्स पहाड़ों में स्विट्जरलैंड की सीमा के पास बसा है। 19वीं शताब्दी में यह अपने प्राकृतिक झरनों के पानी के लिए मशहूर हुआ था और फिर यह एक उच्च श्रेणी का रिसॉर्ट बन गया। इसने राजघरानों और मशहूर हस्तियों को आकर्षित किया।

इवियन समझौते ने खत्म कर दिया था अल्जीरियाई युद्ध

यह पहली बार नहीं है, जब इवियन अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के केंद्र में होगा। इससे पहले, 1962 में, इवियन समझौते ने अल्जीरियाई युद्ध को समाप्त कर दिया था और इससे उत्तरी अफ्रीकी देश अल्जीरिया को फ्रांस से आजादी मिल सकी।

सूचना

सूचित किया जाता है कि म. नं- डी- 607 - ए, 27.59 वर्ग गज स्थित न्यू संजय अमर कालोनी, विश्वास नगर दिल्ली- 32 उपरोक्त सम्पति दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा मेरे नाम पर दिनांक- 08.03.2021 आवंटित हुई थी। अगर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सम्पर्क करें। श्रीमती शारदा झा पत्नी बसंत झा निवासी- डी- 607 ए, न्यू संजय अमर कालोनी, विश्वास नगर शाहदरा दिल्ली- 32

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन संख्या- जे-34, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद का आवंटन श्री राजेश कुमार अग्रवाल पुत्र श्री ओमप्रकाश अग्रवाल व श्रीमति पूनम अग्रवाल पत्नी श्री राजेश कुमार अग्रवाल के पक्ष में किया गया था। आवंटी द्वारा भवन की फ्रीहोल्ड डीड दिनांक 23.10.2000 को अपने पक्ष मे निष्पादित कराने के उपरान्त श्री राजेश कुमार अग्रवाल पुत्र श्री ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा अपने भाई श्री दिनेश अग्रवाल पुत्र श्री ओमप्रकाश को मु०आम नियुक्त किया गया है व श्रीमति पूनम अग्रवाल पत्नी श्री राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा अपने देवर श्री दिनेश अग्रवाल पुत्र श्री ओमप्रकाश को मु०आम नियुक्त किया गया है। आवंटीगण द्वारा भवन की बाबत नियुक्त पंजीकृत मुख्त्यारेआम श्री दिनेश अग्रवाल पुत्र श्री ओमप्रकाश द्वारा भवन का विक्रय पत्र श्रीमति उर्मिला देवी पत्नी स्व० श्री एस०के० शर्मा के पक्ष में दिनांक 11.03.2019 को निष्पादित कराया गया है। तत्पश्चात श्रीमति उर्मिला देवी पत्नी स्व० श्री एस०के० शर्मा द्वारा अपने पुत्र/पौत्र श्री अशोक कुमार शर्मा पुत्र स्व० श्री एस०के० शर्मा व श्री करन शर्मा पुत्र श्री अशोक कुमार शर्मा को पंजीकृत वसीयत दिनांक 11.03.2019 को निष्पादित कराई गई है। तत्पश्चात श्रीमति उर्मिला देवी पत्नी स्व० श्री एस०के० शर्मा की मृत्यु दिनाक 03.05.2021 को हो जाने पश्चात आवेदकगण श्री अशोक कुमार शर्मा पुत्र स्व० श्री एस०के० शर्मा व श्री करन शर्मा पुत्र श्री अशोक कुमार शर्मा द्वारा पंजीकृत वसीयत के आधार पर भवन के अभिलेखों में अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना की गयी है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करा दें। अन्यथा भवन के अभिलेखों में आवंटी / पट्टेदार श्री राजेश कुमार अग्रवाल पुत्र श्री ओमप्रकाश अग्रवाल व श्रीमति पूनम अग्रवाल पत्नी श्री राजेश कुमार अग्रवाल के स्थान पर आवेदक श्री अशोक कुमार शर्मा पुत्र स्व० श्री एस०के० शर्मा व श्री करन शर्मा पुत्र श्री अशोक कुमार शर्मा का नाम दर्ज कर लिया जायेगा। तदोपरान्त कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

सहायक प्रभारी सम्पत्ति
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

हाउस टैक्स की शिकायतों पर किया जा रहा है निस्तारण का कार्य : महापौर सुनीता दयाल

महापौर ने नवयुग मार्किट में अधिकारियों को विसंगति पर पैमाइश के दिये निर्देश

गाजियाबाद, करंट क्राइम। हाल ही में महापौर सुनीता दयाल के समक्ष में नवयुग मार्किट में स्थित 155 गज के 145 व्यवसायिक व मिश्रित व्यवसायिक भवनों पर अलग अलग गृहकर आने की शिकायत मिली, जिसमें की एक जैसे प्लॉट के एरिया होने के बाद भी गृहकर में अंतर आ रहा है जिसको लेकर महापौर ने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एवं स्थानीय जोनल प्रभारी के साथ बैठक की।

नवयुग मार्किट में 145 भवनों के गृहकर में अंतर मिलने पर महापौर ने की अधिकारियों संग बैठक

करंट क्राइम। बैठक में महापौर ने बताया कि नवयुग मार्किट में स्थित 145 व्यवसायिक व मिश्रित व्यवसायिक भवनों के गृहकर में विभिन्नता पाई जाने की शिकायत है। शहर हित व नगर निगम हित मे यह बहुत गलत है नवयुग मार्किट के उपरोक्त भवनों की सामुहिक रूप से दोबारा से पैमाइश कराई जाए जिससे कि गृहकर में विसंगतियों को दूर किया जा सके और एक समान प्लॉट व एक समान फॉलर है उनके गृहकर में विभिन्नता मिलना भी उचित नही है। इस लिए सभी प्लॉट की ईमानदारी के साथ पैमाइश की जाए और जनहित में सही कार्य भी किया जाए और इसी प्रकार समस्त जोनल प्रभारियों को भी निर्देशित किया गया है कि अपने अपने क्षेत्र में इस प्रकार की समस्याओं पर सही पैमाइश की कार्यवाही करें। इसके साथ साथ महापौर ने शहरवासियों से अपील भी की है कि नगर निगम के अधिकारी या कर्मचारी आपके यहाँ आपकी सम्पत्ति की पैमाइश या किसी प्रकार की जानकारी आपसे मांगते हैं या वांछित दस्तावेज (रजिस्ट्री,नक्शा) की प्रतिलिपि मांगे तो उनको उपलब्ध कराने में सहयोग करें।

एक कदम विकास की ओर

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शहर विधायक संजीव शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 58 में विधायक निधि से बनने वाली इंटरलॉकिंग टाइल्स और नालियों के निर्माण का शुभारंभ किया।

कैम्प लगवाकर लक्ष्य की पूर्ति की दिशा में कार्य किया जाए : जिलाधिकारी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमिता विकास अभियान में ऋण उपलब्ध कराने एवं बैंकों द्वारा साख-जमा अनुपात को बढ़ाने के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में आईएएस अयान जैन (ट्रेनी), अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव,अग्रणी जिला प्रबंधक बुद्ध राम, उपायुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह एवं सभी बैंकों के जिला समन्वयक सहित सभी संबंधित पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

लाभार्थियों को योजना के बारे में जागरूक करें : दीपक मीणा

करंट क्राइम। बैठक के दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जनपद को प्राप्त 2000 के लक्ष्य को शत–प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि कैम्प लगवाकर लक्ष्य की पूर्ति की दिशा में कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि उक्त योजना से कोई भी पात्र व्यक्ति छुटना नहीं चाहिए, इसलिए योजना का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करते हुए लोगों को योजना की पूर्ण जानकारी देते हुए योजना के लाभों के बारे में जागरूक करें।

लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति के लिए, प्रगति के संबंध में प्रतिदिन की जायेगी वीसी : जिलाधिकारी

करंट क्राइम। जिलाधिकारी ने कहा कि योजना के लक्ष्य को शत–प्रतिशत पूर्ण करने हेतु मेरे निर्देशन में प्रतिदिन सांय 6:30 बजे लक्ष्य प्राप्त करने वाले विभागों के साथ योजना की प्रगति के सम्बंध में वीसी की जायेगी। इस दौरान फैमली आईडी सहित अन्य योजनाओं की प्रगति के बारे में भी समीक्षा की जायेगी।

सरकार द्वारा संचालित योजनाओं पर बैंक सकारात्मकता के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें : दीपक मीणा

करंट क्राइम। सभी विभाग मुख्यमंत्री की महत्वकांशी योजनाओं में प्राप्त लक्ष्यों को शत–प्रतिशत पूर्ण करने की दिशा में कार्य करें। उन्होने बैंकों को भी निर्देशित किया कि सरकारी योजनाओं पर बैंक सकारात्मकता के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें।

प्राप्त आवेदनों में यदि कोई त्रुटि रह जाती है तो आवेदक से उन त्रुटियों को पूर्ण करायें : जिलाधिकारी

करंट क्राइम। आवेदकों द्वारा किये गये आवेदनों में यदि कोई त्रुटि रह जाती है तो आवेदक से उन त्रुटियों को पूर्ण करायें। उन्होंने कहा कि लक्ष्य प्राप्त करने वाले सभी ईओ'स, सम्बंधित विभाग बैकों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य को शत–प्रतिशत पूर्ण करायें। बैठक के दौरान अध्यक्ष ने साख–जमा अनुपात की गहन समीक्षा की तथा आगामी तिमाही में उन बैंकों के साख–जमा अनुपात को बढ़ाने के लिए बैंकवार रणनीति बनाने को कहा जिनका अनुपात 60% से कम है। बैंकों के जिला समन्वयक डेटा उपलब्ध कराने में असमर्थ थे, इसलिए अध्यक्ष ने एल.डी.एम. को ऐसे बैंकों से समेकित तर्क और रणनीति तैयार करने तथा आगामी तिमाही में साख–जमा अनुपात बढ़ाने के लिए संकलित डेटा और कार्य योजना प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

शिप्रा कृष्णा विस्टा में लिफ्ट सुरक्षा में भारी लापरवाही का आरोप

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित आवासीय परियोजना शिप्रा कृष्णा विस्टा में लिफ्ट सुरक्षा मानकों और अधिनियमों के उल्लंघन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सोसायटी के निवासी संजय सक्सेना द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के संबंधित विभाग में की गई शिकायत के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सोसायटी में उपयोग की जा रही लिफ्टों का अनुरक्षण कार्य न तो मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) और न ही उसकी किसी अधिकृत इकाई द्वारा कराया जा रहा है, जबकि उत्तर प्रदेश लिफ्ट एवं एस्केलेटर अधिनियम, 2024 तथा उत्तर प्रदेश लिफ्ट एवं एस्केलेटर नियमावली, 2024 में इस विषय में स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। संजय सक्सेना ने कहा, हम एक बहुमंजिला इमारत में निवास करते हैं, जहाँ लिफ्टें केवल सुविधा नहीं, बल्कि एक आवश्यक सेवा है। यदि इनका अनुरक्षण सही तरीके से नहीं होता, तो यह सीधे तौर पर जान-माल की सुरक्षा से खिलवाड़ है। हमने कई बार आग्रह किया कि अनुरक्षण कार्य अधिकृत एजेंसी से कराया जाए, लेकिन हमारी बातों को लगातार नजरअंदाज किया गया।

शिकायत पर विभाग ने एएमसी और ओईएम विवरण तलब किए

तकनीकी त्रुटि या लापरवाही बन सकती है बड़ी दुर्घटना का कारण

करंट क्राइम। शिप्रा कृष्णा विस्टा गाजियाबाद में सैकड़ों परिवार निवास करते हैं। ऐसे में लिफ्टों की नियमित सुरक्षा जांच और अनुरक्षण एक अत्यंत संवेदनशील विषय है। निवासियों का कहना है कि किसी भी प्रकार की तकनीकी त्रुटि या लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, जिसे रोका जाना अनिवार्य है। अब जबकि उत्तर प्रदेश लिफ्ट एवं एस्केलेटर अधिनियम 2024 और नियमावली 2024 को प्रभावी रूप से लागू कर दिया गया है, राज्य सरकार की प्राथमिकता स्पष्ट है — लिफ्ट संचालन को सुरक्षित, तकनीकी रूप से प्रमाणित एवं विधिसम्मत बनाए रखना। सोसायटी के निवासियों ने प्रशासन से अपेक्षा व्यक्त की है कि इस प्रकरण की निष्पक्ष एवं व्यापक जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि भविष्य में इस प्रकार की किसी भी लापरवाही की पुनरावृत्ति न हो।

प्रशासन ने शिकायत का लिया त्वरित संज्ञान

करंट क्राइम। प्रशासन ने इस शिकायत का त्वरित संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश विद्युत सुरक्षा निदेशालय के माध्यम से सोसायटी प्रबंधन को पत्र जारी किया है। इसमें अनुरक्षण एजेंसी से संबंधित सभी दस्तावेजों की तुरंत प्रस्तुति का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच में कोई अनियमितता पाई जाती है तो लिफ्ट संचालन पर अस्थायी रोक, लाइसेंस रद्दीकरण अथवा आर्थिक दंड जैसी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा जारी पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि अधिनियम के अनुसार लिफ्टों का अनुरक्षण केवल मूल निर्माता (ओईएम) या उसकी अधिकृत सेवा इकाई द्वारा ही किया जा सकता है।

दिव्यांग शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति ऑनलाइन करें आवेदन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी-विवाह अनुदान प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने की दशा में रू० 15000/- व युवती के दिव्यांग होने की दशा में रू0 20000/- तथा युवक-युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में रू0 35000/- धनराशि शादी विवाह प्रोत्साहन पुरुस्कार के रूप में दिया जाना निधारित है। जिसमें पात्रता— दंपत्ति भारत का नागरिक हो। दंपत्ति उत्तर प्रदेश का स्थाई निवासी या कम से कम पाँच वर्ष से उसका अधिवासी हो। दंपत्ति में से कोई सदस्य किसी आपराधिक मामले में दंडित न किया गया हो। शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो। युवती की उम्र 18 वर्ष से कम 45 वर्ष से अधिक न हो। दंपत्ति का विवाह सामान्य युवक/युवती अथवा दिव्यांग से प्रचलित

समाज की रीति-रिवाज के अनुसार हुआ हो या सक्षम न्यायालय द्वारा कानूनी विवाह किया गया हो। दंपत्ति में से कोई सदस्य आयकरदाता की श्रेणी में न हो। जिसके पास पूर्व से कोई जीवित पति या पत्नी न हो और उनके ऊपर महिला उत्पीड़न या अन्य आपराधिक वाद न चल रहा हो। दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति वर्तमान वर्ष एवं गत वित्तीय वर्ष में सम्पन्न शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु ऑनलाइन http://divyangjan.upsdc.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाईन फार्म भरते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो, आय व जाति प्रमाण पत्र युवक एवं युवती का आयु का प्रमाण-पत्र (जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो), सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता, अधिवास प्रमाण पत्र एवं युवक व युवती का आधार कार्ड की छायाप्रति आदि अभिलेखों के साथ आवेदन पत्र ऑनलाईन उपरोक्त वेबसाइट पर करना अनिवार्य है, साथ ही ऑनलाइन सबमिट आवेदन पत्र की प्रिंट प्रति एवं वांछित प्रपत्रों की हार्ड कापी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सुधीर कुमार जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, गाजियाबाद से किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने नाहाल प्रकरण में डासना जेल में बंद लोगों से मुलाकात की

गाजियाबाद, करंट क्राइम। कांग्रेस पार्टी गाजियाबाद का प्रतिनिधि मंडल एवं जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा के नेतृत्व में गाजियाबाद की डासना जेल में बंद नाहाल प्रकरण में पुलिस षड्यंत्र के शिकार लोगों से डासना जेल जाकर मिले। 25 मई की घटना तथा उसे संलिप्तता के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की

मिलने वालों में महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष वीर सिंह जाटव नगर, कांग्रेस डासना अध्यक्ष अनवर कुरेशी, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य सीनू प्रधान,आशुतोष गुप्ता मीडिया प्रभारी के द्वारा खबर प्रेषित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 25 मई 2025 की रात्रि मे 1 अपराधि कदीर उर्फ मानटर की गिरफ्तारी के समय संदिग्ध परिस्थितियों में नोएडा पुलिस के सिपाही सौरभ के सर में गोली लगने से मौके पर मृत्यु हो गई जिसके बाद नाहाल गांव में पुलिस द्वारा काफी लोगों को अपराधी बनाकर जेल भेजा गया जिसमें अधिकांश बेकसूर हैं। इस संबंध में कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि मंडल की मांग है की घटना की उच्च स्तरीय जांच कर सीबीसीआईडी द्वारा कराई जाए ताकि सत्यता सामने आए और दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिले तथा बेकसूर को अपराध के इस ईलजाम से मुक्ति मिले जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा जी का कहना है कि मृतक सिपाही सौरभ को शहीद का दर्जा देते हुए परिवार को एक करोड रुपए मुआवजा तथा एक सदस्य को सरकारी नौकरी मिले सिपाही को गोली मारने वाले को फांसी की सजा, साथ ही इस घटना में यदि निर्दोष को जेल भेजा गया है तो उसे बरी किया जाए कांग्रेस पार्टी इस तरीके तरह की घटनाओं की पूर्ण जो विरोध करती है और भविष्य में इस तरह की घटना ना हो और इस घटना में जहां भी संदिग्धता का पाई जाए उसे विस्तृत रूप से जांच की जाए।

- क्यों कहा कहने वाले ने कि गाजियाबाद के मौजूदा राजनीतिक माहौल को देखकर लगाता है कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्षों ने सिल लिये हैं अपने होंठ? भले ही वो साईकिल पर सवार हों? मगर उनकी खामोशी एहसास कराती है जैसे वो कर रहें हों सत्ता वालों को इंटरनल सपोर्ट? कम से कम जनहित से जुड़े हुए मुद्दों पर रखनी चाहिए इनको राय? कुछ ना कुछ कहते हुए ये सोशल मीडिया पर तो नजर आयें? मगर जब से हुए हैं पूर्व तब से कर चुके हैं ये जनहित को लेकर बॉय-बॉय?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें ये तो पता है भगवागढ़ के चोटी वाले त्यागी का बहुत ही सक्रियता वाला है अंदाज? वो कुछ ना कुछ करते रहते हैं काम? हम देख रहे हैं जब से उन्हें भगवा योद्धा के सिस्टम से भाव नहीं मिल रहा है? उनके नहीं हो रहे हैं पार्टी की गतिविधियों में दीदार? मगर वो अपनी ऊर्जा को व्यर्थ नहीं जाने दे रहे हैं? एक स्पोटर्स कमेटी में उन्होंने पा लिया है अध्यक्ष वाला किरदार? वहां नहीं तो यहां उनके होंगे तो सही दीदार?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ में भगवा योद्धा की संभावित टीम में आप चला दो रोबिन भैया का नाम? हम देख रहे हैं भले ही वो आयामों में डटे हुए नजर ना आ रहे हों? मगर भगवा योद्धा की पोस्टों का वो कर रहे हैं गुणगान? कहने वाले ने कहा हमें मिले हैं उनको लेकर अंदरखाने कुछ संकेत? योद्धा की टीम में किसी पद पर जरूर आयेगा उनका फेस? इसलिए कमेंटों के माध्यम से देते रहते हैं वो अपनी उपस्थिति के संदेश?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि यूथ आईकॉन के प्रिय मुन्ना भैया के जबरदस्त हैं उनके प्रति जज्बात? वो अपना दिल बिखेर कर रख देते हैं जहां करनी होती है उन्हें भैया जी की बात? पता चला है कि उनके दिल के हैं ये अरमान? वो चाहते हैं साहिबाबाद से चुनाव लड़ कर कायम करें भैया विधानसभा में अपना स्थान? इसी बात पर जब हमने दिया ध्यान, तब हमने देखा आजकल भैया जी की तमाम पुरानी खबरों को वो व्हाट्सऐप ग्रुप पर दौड़ा रहे हैं श्रीमान? देखना अब ये हैं कि कब पूरे होंगे उनके ये वाले अरमान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि लिख कर रख लो आप हमारी बात? भगवा त्यागी दीदी बहुत ही स्वाभिमानी हैं? अगर लाईन खींच देती हैं तो फिर नहीं करती हैं उससे आगे की बात? भगवा योद्धा की टीम में वो नहीं लेंगी स्थान? स्टोरी में नजर आ रहा है हमें कुछ मान और सम्मान? इसलिए हम दे रहे हैं बाकी महिला दावेदारों को ये संकेत? वो संगठन में आने को लेकर त्यागी दीदी से कम्पटीशन ना माने? वो तो कब से दौड़ से दूर कर चुकी हैं अपना फेस?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर के दोस्त ना जाने क्या-क्या बनाते रहते हैं प्लान? सुना है एक गुप्त मिशन पर निकल गये हैं मिस्टर पहलवान? बुधवार रात को पकड़ी है उन्होंने ट्रेन? पीछे से चाय-चाय बेचने की आवाज आ रही थी? जिससे हमें पता चला वो नहीं था प्लेन? दो दिन बाद वो गुप्त मिशन से लौटेंगे गाजियाबाद? सुना है यहां पर भी वो निभाने गये हैं यारी? जैसे ही पता चलेगा हम बता देंगे आपको अंदर की बात?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गुरू जी हो जायें खामोश? ऐसा तो संभव ही नहीं? क्योंकि आज भी कायम है उनका जोश? धौलाना में भू-माफियाओं की खबर लेने के बाद? हमें पता चला है गुरू जीने मुराद पूरी करने वाले नगर में डंडा गाड दिया है साहब? यहां के भी कुछ भू-माफिया आ गये हैं उनके निशाने पर? शिकायत मुख्यमंत्री को करनी की तैयारी कर चुके हैं? ना जाने इस बार वो कितने चेहरे लगायेंगे ठिकाने पर?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हाउस टैक्स विरोध वाली मुहिम में पार्षद शीतल चौधरी को देख कर हमारे दिल ने किया शीतल फील? नहीं तो अभी तक हम हैरान थे कि क्यों कर रखी है उन्होंने अपनी जुबान सील? हम सोच रहे थे बिरादरी वाले मैटर में आकर वो नहीं उठा रहीं हैं मिस्टर डागर और मिस्टर हैंडसम चौधरी की तरह आवाज? मगर जब उन्होंने भी दिया इस मुहिम में समर्थन का लैटर? हमें हो गया उन पर नाज?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि आप ये मत सोचें कि पुलिस के बड़े अधिकारी के ट्रांसफर के बाद छा गई है क्रान्तिकारी क्षेत्र में खामोशी? वो भले ही छोटे-मोटे मामलो से दे रहे हों अपनी क्रान्ति का संदेश? मगर अभी कुछ बड़ा करने वाला है उनका फेस? वो कर चुके हैं इस मामले में क्रान्ति की बड़ी वाली स्क्रिप्ट तैयार? इस बार अधिकारियों पर नहीं, इस बार होगा उनका पोलिटिक्ल वार? ये है उनकी तूफान से पहले की शांति? आखिर वो शख्स कैसे शांत बैठ सकता है जिसकी रगो में दौड़ रही हो क्रान्ति?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे कुछ आम लोगों के बीच? आम को रहे थे वो पूरी ताकत से खींच? इसी दौरान एक चर्चा चल रही थी उनके बीच? कह रहे थे अगर मेयर साहब बढ़े हुए हाउस टैक्स के मामले में खुद आकर अखबारों में दे दें बयान? तो माहौल बनाने वाले इस मैटर को नहीं पायेंगे ज्यादा खींच? हम बेताब हो रहे हैं सुनने के लिए उनकी इस मैटर पर स्पीच?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। यह एक परंपरा का सम्मान है। यह रिश्तो का सम्मान है। सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वालों ने सुल्लामल रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष वीरू बाबा को उनके जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दी। यह सिर्फ बधाई और शुभकामनाएं नहीं है बल्कि उन्होंने अपने शब्दों से वीरों बाबा के प्रति अपने सम्मान और आस्था का भी एक परिचय दिया। रिश्तो में सम्मान और एक दूसरे के प्रति सौहार्द का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।